संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

05 फरवरी 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 130

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस


### पछुआ हवा से बढ़ी ठंड, तापमान में 3-4 डिग्री गिरावट के आसार

**रांची।** झारखंड में पछुआ हवा के प्रभाव से बुधवार को दिनभर ठंड का अहसास बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में राज्य के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सुबह और रात के समय ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे का कुहासा छा सकता है।






### धनबाद में मना झामुमो का 54वां स्थापना दिवस समारोह

# निकाय चुनाव में मूलवासी-आदिवासी विरोधी को जीतने नहीं दें : हेमंत सोरेन

**-17 साल राज करके झारखंड को बीमारू राज्य बनाया**

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा ने झारखंड को बीमारू राज्य बना दिया। यहां की खनिज संपदा पर दूसरे राज्य की कंपनियां राज कर रहीं हैं। कोयला उद्योग में आउट सोर्सिंग कंपनियों का वर्चस्व है। ये आउट सोर्सिंग कंपनियां केंद्र सरकार की ओर से भेजी जा रही है। आउटसोर्सिंग कम्पनियां अपने साथ दूसरे राज्यों से मजदूर लेकर आ रहीं हैं। बाहर के मजदूर स्थानीय लोगों की हकमारी कर रहे हैं।

हमारी सरकार ने आउटसोर्सिंग कंपनियों में 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय को देने का नियम बनाया है। इसे लेने के लिए लड़ाई लड़नी होगी ।बिना लड़ाई के केंद्र सरकार और उनके लोग झारखंडियों का हक नहीं देने वाले हैं। अगर आउटसोर्सिंग कंपनी स्थानीय लोगों की हकमारी करतीं है तो उसपर कब्जा कर लें। नगर निकाय चुनाव में आदिवासी - मूलवासी विरोधियों को जीतने नहीं दें। उक्त बातें मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कही। अवसर था झारखंड मुक्ति मोर्चा के 54वें स्थापना दिवस का। इसकी बानगी बना था शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड )।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 17 साल तक झारखंड में आदिवासी-मूलवासियों के विरोधियों ने राज किया। ऐसे लोगों ने राज्य को बीमारू बना दिया। 25 साल पहले जब दिल्ली, मुंबई, आंध्र प्रदेश और दूसरे राज्यों का विकास हो रहा था, उस समय उन राज्यों को मजदूरों की जरूरत थी। भाजपा ने इस राज्य को मजदूर देने वाला राज्य बना दिया। हेमंत सोरेन ने कहा कि जोहार झारखंड शब्द अब देश में ही नहीं, विदेशों में भी सुनाई दे रहा है। यह झारखंडी पहचान की जीत है। सीएम ने कहा कि 17 वर्षों बाद यहां की जनता ने शोषण करने वाले लोगों से सत्ता छीनकर हमें सौंपी है। अभी निकाय चुनाव होनेवाला है। आगे पंचायत चुनाव होगा। हमें इन चुनावों में भी मूलवासी-आदिवासी का शोषण करनेवालों को जीतने नहीं देने का संकल्प लेना होगा।

**जेएमएम को राष्ट्रीय फलक पर ले जाना है : सुदिव्य सोनू**

राज्य सरकार के नगर विकास मंत्री सोनू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को अब राष्ट्रीय फलक पर लेकर जाना है। हमारे सर्वमान्य नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी राष्ट्रीय पहचान दिलानी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता तथा नेता एकजुट होकर काम करें। मंत्री बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के 54 में स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन गोल्फ ग्राउंड धनबाद में किया गया था।

**राज्य विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है : मंत्री हफीजुल हसन**

मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। राज्य विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बच्चों से लेकर वृद्ध तक के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। केंद्र सरकार झारखंड की मदद नहीं कर रही है। इसके बाद भी राज्य में कल्याणकारी और सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं चल रही है।

**गुरुजी ने राज्य के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया : मथुरा**

टुंडी विधायक और मुख्य सचेतक मथुरा महतो ने कहा कि शिबू सोरेन राज्य की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। झारखंड राज्य की स्थापना उनके संघर्ष का परिणाम है। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार शिबू सोरेन को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित करें। झारखंड की जनता भी यही चाहती है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो विनोद पांडे फागु बेसरा सहित कई आला नेता भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## सिर्फ नाम काटने के लिए हो रहा एसआईआर, निशाने पर बंगाल : ममता

**सुप्रीम कोर्ट में वकील की तरह सीएम ममता ने रखीं दलीले**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थी। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें पश्चिम बंगाल के अपने दो साथी न्यायाधीशों से जानकारी मिली, जिन्होंने पास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया समझाई और इसी समझ के आधार पर इस मुद्दे को शामिल किया गया। मामले में सीएम

ममता बनर्जी का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने बताया कि न्यायालय ने पहले तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि न्यायालय को सूचित किया गया था कि सूची संचार का एकमात्र माध्यम नहीं है और संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं।

इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। उदाहरण देते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है। उनके अनुसार, ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं।

## लातेहार : वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 40 लाख नगद बरामद

**संवाददाता**

**लातेहार ।** लातेहार जिला मुख्यालय में बुधवार की शाम चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से लगभग 40 लाख रुपये नगद बरामद किए गए। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की और कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

दरअसल नगर निकाय चुनाव को लेकर शहरी इलाकों में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसी के मद्देनजर शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मुख्य सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। बुधवार की शाम जांच अभियान के दौरान एक कार की जांच के क्रम में एक बैग बरामद हुआ, जिसमें 40 लाख रुपये नगद रखे हुए थे। बरामद पैसों को पुलिस ने जब्त कर लिया और मामले की सूचना बड़े अधिकारियों को दी गई। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि बरामद पैसों की जांच की जा रही है कि आखिर उक्त पैसे कहां से ले जा रहे थे और उसका क्या उपयोग होना था। जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### संक्षिप्त खबरें

**चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव को सरेंडर करने का आदेश**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े मामले में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को बुधवार को संबंधित जेल अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। कोर्ट ने राजपाल के व्यवहार को निंदनीय करार देते हुए कहा कि बार-बार दिए गए आश्वासनों के बावजूद भुगतान न करना कानून के साथ खिलवाड़ है। मामले की अगली सुनवाई कल 5 फरवरी को होगी।

**एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने**

**नई दिल्ली ।** टेस्ला और स्पेस एक्स के संस्थापक एलन मस्क ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। हाल ही में उनकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप एआई के मर्जर के बाद मस्क की नेटवर्थ अब 852 बिलियन डॉलर (लगभग 7.7 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच गई है।

## दुमका : 18 वर्षीय युवक ने खुद को मारी गोली, गंभीर

**संवाददाता**

**दुमका ।** नगर थाना क्षेत्र के जिला स्कूल रोड निवासी लल्लू सिंह के 18 वर्षीय पुत्र देव सिंह ने बुधवार की तड़के सुबह करीब चार बजे पिता के लाईसेंसी पिस्टल से कनपटी में गोली मार ली। गोली लगने के बाद गोली आर-पार हो गई। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलजा के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्गापुर के हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल में देव जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। जान देने के प्रयास की वजह पिता की बीमारी बतायी जा रही है। पिता लल्लू सिंह पहले ठेकेदारी करते थे। अभी वह लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। तीन दिन पहले ही बंगलुरू से इलाज कराकर लौटे थे। उनकी स्थिति ऐसी है कि वह चलने फिरने लायक नहीं रहे हैं। दो बहनों के बाद सबसे छोटे बेटे देव से उनकी यह हालत देखे नहीं जा रही थी। इंटर की पढ़ाई के बाद देव पिता की बीमारी की वजह से परेशान रहता था। बताया जाता है कि सुबह करीब 4 बजे पिता के लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी में गोली मार खुदकुशी करने का प्रयास किया। गोली की आवाज सुनकर घरवाले कमरे की ओर भागे तो देखा कि वह खून से लथपथ होकर जमीन में पड़ा था।

घर वालों के शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार आए और देव को इलाज के लिए फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। जहां इलाज के क्रम में पता चला कि गोली आर-पार हो चुकी है। इधर पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

## वित्तमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात, चांसलर पोर्टल से जुड़ी समस्याओं से कराया अवगत

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने पलामू के नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंतर्गत एके सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों को चांसलर पोर्टल से

संबंधित आ रही कठिनाइयों की जानकारी राज्यपाल को दी। उन्होंने बताया कि पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के कारण छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वित्त मंत्री ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की पहल करने का आग्रह किया, ताकि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## देवघर एम्स के बर्न वार्ड मामले में हाईकोर्ट ने अस्पताल प्रबंधन से किया जवाब तलब

**संवाददाता**

**रांची ।** देवघर एम्स में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं और बर्न वार्ड की व्यवस्था से जुड़े मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को देवघर एम्स से जवाब तलब किया है और संबंधित शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह सुनवाई सांसद निशिकांत दुबे और न्यायालय के स्वतः संज्ञान से दायर जनहित याचिका के तहत हुई।

सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। अदालत ने देवघर एम्स से पूछा कि वहां प्रतिदिन कितने बर्न के मामले आते हैं और इन मरीजों के इलाज के लिए क्या व्यवस्थाएं हैं। इसके अलावा अदालत ने पूर्व सुनवाई में एम्स के अधिवक्ता से यह भी पूछा था कि क्या बर्न वार्ड में इमरजेंसी इलाज की सुविधा शुरू हो चुकी है। दरअसल, यह मामला 23 अगस्त 2022 से जुड़ा है, जब दुमका में घर में सो रही नाबालिग छात्रा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई थी। गंभीर रूप से जलने के बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और स्थिति गंभीर होने पर रिम्स रांची स्थानांतरित किया गया।

## गाजियाबाद : मोबाइल गेम की लत, 3 बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं

**एजेंसी**

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात 2 बजे तीनों ने कमरे को अंदर से बंद किया, फिर स्टूल रखकर एक-एक करके बालकनी से छलांग लगा दी। उनकी उम्र करीब 12, 14 और 16 साल है। पिता के मुताबिक, तीनों बेटियों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। वे हर वक्त एक साथ रहती थीं। एक साथ नहाती थीं और टॉयलेट जाती थीं। इस कदर गेम की लत थी कि स्कूल भी छोड़ दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई। इसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। तीनों बहनें जिस कमरे में सोती थीं, वहां पुलिस को एक डायरी मिली है। इसके 18 पन्नों में सुसाइड नोट लिखा मिला। पुलिस का दावा है कि नोट में लिखा है- मम्मी-पापा सॉरी गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। अब आपको एहसास होगा कि हम गेम से कितना प्यार करते थे, जिसको आप छुड़वाना चाहते थे। घटना भारत सिटी बी-1 टॉवर के फ्लैट नंबर 907 की है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर आलोक प्रियदर्शी ने बताया- अभी तक की जांच में सामने आया है कि तीनों ने आत्महत्या की है। तीनों मोबाइल से गेम खेलती थीं। किन परिस्थितियों में आत्महत्या की गई, इसकी जांच की जा रही है।

तीनों बच्चियों के नाम निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) हैं। पिता चेतन ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं।

## धनबाद मेयर चुनाव : दो संजीवों की एंट्री से कोयलांचल की सियासत गरमाई, नामांकन के दिन शक्ति प्रदर्शन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची/धनबाद ।** झारखंड के नगर निकाय चुनाव को लेकर कोयलांचल की सियासत पूरी तरह गरमा गई है। मेयर पद के लिए बीजेपी समर्थित प्रत्याशी संजीव अग्रवाल और पूर्व विधायक संजीव सिंह के नामांकन के साथ चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है। दोनों दिग्गज नेताओं के मैदान में उतरते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और शहर में चुनावी माहौल चरम पर पहुंच गया है। पूर्व विधायक संजीव सिंह सबसे पहले अपने समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ और उत्साह देखने को मिला। करीब दो घंटे बाद बीजेपी समर्थित प्रत्याशी संजीव अग्रवाल भी समाहरणालय पहुंचे और नामांकन पत्र जमा किया। उनके समर्थन में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी शक्ति प्रदर्शन किया।

नामांकन के बाद संजीव सिंह ने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से कोयलांचल की जनता की सेवा करता रहा है और वे जनता के हित में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने धनबाद के समग्र विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। पार्टी से अलग चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा है, इसलिए कोई भी प्रत्याशी चुनाव लड़ सकता है।

वहीं, सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि बीजेपी ने संजीव अग्रवाल को मेयर प्रत्याशी के रूप में समर्थन दिया है और पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने भी दावा किया कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव अग्रवाल ही जीत दर्ज करेंगे। अनुशासन पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का सख्त रुख

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि भले ही निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा हो, लेकिन पार्टी अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी। नामांकन वापसी के बाद ऐसे नेताओं पर पार्टी स्तर पर विचार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक संजीव सिंह के अलावा बीजेपी नेता मुकेश पांडेय और भृगुनाथ भगत ने भी मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल किया है।

## फैसले सुरक्षित रखे जाने की प्रथा एक बीमारी इसे खत्म किया जाना चाहिए : सीजेआई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने समय पर न्याय करने की जरुरत पर जोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा 'एक चिह्नित बीमारी' है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल 4 दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीठ ने कहा कि अगले हफ्ते के आखिर तक वकील को पूरा फैसला उपलब्ध कराया जाए। देरी का जिक्र करते हुए याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि ऐसा लगता है कि सिर्फ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है। कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

सीजेआई ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के जस्टिस होते हैं। उन्होंने कहा कि एक मेहनती जज होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ जज ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते। हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं। यह न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है और यह एक पहचानी हुई बीमारी है। इसका इलाज होना चाहिए और इसे खत्म किया जाना चाहिए और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एक और आम चलन है कि कुछ मामलों में दलीलें सुनी जाती हैं और फिर उन्हें आगे के निर्देशों के लिए लिस्ट कर दिया जाता है।

## मीडिया लोकतंत्र का 'चतुर्थ स्तंभ' माना जाता है : राज्यपाल

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को रांची प्रेस क्लब की ओर से जेके इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी, अगरु, रातू, रांची में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 के उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का सजग प्रहरी है और इसे लोकतंत्र का 'चतुर्थ स्तंभ' भी कहा जाता है। पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि जनचेतना को जागृत करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े सभी साथी दिन-रात परिश्रम कर जनहित के विषयों को प्रमुखता से सामने लाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ÷मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपसी सौहार्द, समन्वय और आत्मीयता को प्रगाढ़ करने का माध्यम भी हैं।राज्यपाल ने कहा कि क्रिकेट हमें धैर्य, रणनीति और सामूहिक प्रयास का महत्व सिखाता है। दो दिन पूर्व राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद के दौरान भी झारखंड में खेल प्रतिभाओं की असीम संभावनाओं की चर्चा हुई थी। इस क्रम में यह भी चर्चा हुई कि यदि कम आयु से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दिया जाए तो राज्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर सकता है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि खेलों के विकास में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# नगर निकाय चुनाव : स्थानीय दावेदारों ने बिगाड़ा दलों का गणित, कई शहरों में अपने ही बने चुनौती

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड के नगर निकाय चुनाव में गैर-दलीय व्यवस्था राजनीतिक दलों के लिए उल्टा पड़ती दिख रही है। पार्टियों ने एक-एक समर्थित उम्मीदवार तय कर चुनावी रणनीति बनाई थी, लेकिन स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की व्यक्तिगत दावेदारी भारी पड़ गई। कई शहरों में समर्थित उम्मीदवारों के खिलाफ अपने ही नेता मैदान में उतर गए हैं। इससे न सिर्फ दलों की चुनावी रणनीति कमजोर हुई है, बल्कि स्थानीय स्तर पर गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है।

**रांची- गैर-दलीय चुनाव ने बढ़ाई दावेदारी** रांची नगर निगम में भाजपा समर्थित रोशनी खलखो के नाम की घोषणा के बाद भी पार्टी के चार नेताओं राजेंद्र मुंडा, सुजाता कच्छप, सुनील फकीरा और संजय कुमार टोप्पो ने नामांकन दाखिल कर दिया। उनका तर्क है कि चुनाव गैर-दलीय है, इसलिए वे स्वतंत्र हैं। झामुमो में भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। रीना तिर्की ने नामांकन भरा है और कई अन्य नेताओं ने पर्चा खरीदा है। कांग्रेस से रमा खलखो अकेली प्रत्याशी हैं।

**धनबाद- स्थानीय समीकरणों ने बिगाड़ा दलों का संतुलन**धनबाद में भाजपा समर्थित संजीव अग्रवाल के अलावा दो और भाजपा नेता पूर्व विधायक संजीव सिंह, मुकेश पांडेय, भृगुनाथ भगत और शांतनु चंद्रा ने भी नामांकन की तैयारी कर ली है। कांग्रेस के शमशेर आलम और रवि चौधरी मैदान में हैं, जबकि झामुमो की नीलम मिश्रा भी चुनाव लड़ रही हैं। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल का भाजपा छोड़ झामुमो में जाना मुकाबले को और जटिल बना रहा है।

**मानगो- व्यक्तिगत राजनीति बनाम पार्टी लाइन** मानगो में कांग्रेस नेता सुधा गुप्ता के खिलाफ पार्टी की ही राष्ट्रीय प्रवक्ता जेबा खान ने पर्चा भरा है। भाजपा में भी संध्या सिंह के खिलाफ कुमकुम श्रीवास्तव को मैदान में उतार दिया गया है। जुगसलाई में भी भाजपा नेता अपनी पत्नी को अध्यक्ष पद पर उतार रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि स्थानीय समीकरण पार्टी निर्णय से ज्यादा प्रभावी हो रहे हैं।

**आदित्यपुर-सरायकेला- प्रभावशाली नेताओं के करीबी सक्रिय** आदित्यपुर में भाजपा समर्थित प्रभाशिनी कंडुलिया के खिलाफ चंपाई सोरेन की करीबी सावित्री लियांगी मैदान में हैं। सरायकेला नगर पंचायत में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी के सामने प्रभावशाली स्थानीय चेहरे चुनौती बन रहे हैं। हजारीबाग में भाजपा समर्थित सुदेश चंद्रवंशी के खिलाफ पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

**मेदिनीनगर- परिवार और पुराने समीकरण हावी** मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित अरुणा शंकर के खिलाफ पार्टी से जुड़े नेताओं के परिवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस से नम्रता त्रिपाठी और झामुमो समर्थित पूनम सिंह मुकाबले में हैं।

## संक्रमित ब्लड प्रकरण में हाई कोर्ट ने थाना प्रभारी को दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सदर अस्पताल में बच्चे को संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के मामले को झारखंड उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। अदालत ने इस संबंध में दीपक हेंब्रम की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन देने का निर्देश दिया है।उच्च न्यायालय ने इसके साथ ही चाईबासा सदर थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि यदि मामले में संज्ञेय अपराध बनता है, तो तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत में हुई।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को अवगत कराया गया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पहले भी थाना प्रभारी से संपर्क किया गया था, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई।उल्लेखनीय है कि चाईबासा में ब्लड ट्रांस फ्यूजन के बाद पांच बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए थे, जिनमें एक सात वर्षीय थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा भी शामिल है। इस मामले को पूर्व में भी उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए राज्य के स्वास्थ्य सचिव और संबंधित जिला सिविल सर्जन से रिपोर्ट तलब की थी।अदालत ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल देते हुए आगे की प्रक्रिया कानून के अनुरूप करने के निर्देश दिए हैं।

# डैम अतिक्रमण मामले में झारखंड हाई कोर्ट का रांची डीसी को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने कांके, धुर्वा और गेतलसूद डैम में हुए अतिक्रमण के मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची के उपायुक्त (डीसी) से विस्तृत जवाब तलब किया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मु य न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने की।न्यायालय ने रांची डीसी से पूछा है कि इन तीनों डैमों के लिए कुल कितनी भूमि अधिग्रहित की गई थी, वर्तमान में कितनी भूमि पर अतिक्रमण है तथा अतिक्रमण हटाने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि क्या इन डैमों के लिए पूर्व में कोई सर्वे कराया गया था या नहीं।उच्च न्यायालय ने इन सभी बिंदुओं पर रांची डीसी को शपथ पत्र के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वहीं, रांची नगर निगम से भी पिछली सुनवाई के दौरान दिए गए आदेशों के अनुपालन को लेकर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है। मामले में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 26 मार्च को निर्धारित की गई है।इससे पूर्व सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शाहबाज अ तर ने अदालत को बताया कि हिनू, हरमू नदी और धुर्वा डैम के किनारे से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर न्यायालय से प्राप्त स्थगन आदेशों के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रांची के जिला स्कूल के पास स्थित ओवरहेड वाटर टैंक की मर मत के लिए नया टेंडर जारी किया गया है। वहीं, एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से अदालत को बताया गया कि धुर्वा डैम के किनारे अतिक्रमण कर आवासीय निर्माण किए जाने, उस भूमि की रसीद काटे जाने तथा नक्शा स्वीकृत किए जाने के मामलों में संबंधित दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। एसीबी ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर एजेंसी ने भी अलग से एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी इंद्रजीत सिन्हा ने अदालत को अवगत कराया कि कांके, धुर्वा और गेतलसूद डैम के कैचमेंट एरिया में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में कई दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि सबसे गंभीर स्थिति कांके डैम की है, जहां डैम की भूमि पर बड़े पैमाने पर कब्जा किया गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय में राज्य के जल स्रोतों और नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा बड़ा तालाब की सफाई से संबंधित कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई।

## झारखंड में ग्रामीण जीवन की रीढ़ बन चुका मनरेगा : मंत्री

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मनरेगा झारखंड के ग्रामीण जीवन की रीढ़ बन चुका है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस योजना को एक नई शक्ति प्रदान की है। मनरेगा केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। मंत्री बुधवार को रांची में शेयरिंग द एक्सपेरियंस एंड सक्सेस स्टोरी एंड फेलि?सीटेटिंग द बेस्ट परफॉर्मिंग महिला मेटा विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। मंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था, ग्रामीण सड़क, तालाब, कुएं और अन्य स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण कर गांवों में विकास की मजबूत नींव रखी जा रही है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि मनरेगा के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका मिले और पंचायत स्तर पर निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और अधिक हो। उन्होंने कहा कि महिला मेट्स ने जमीनी स्तर पर जवाबदेही, पारदर्शिता और कार्यकुशलता का नया मानक स्थापित किया है। मंत्री ने कहा कि यह सम्मान समारोह उन महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गांवों के विकास को आगे बढ़ाया और मनरेगा को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला मेट्स ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं।

## जेएमएम को राष्ट्रीय फलक पर ले जाना है : सुदिव्य सोनू

**धनबाद।** राज्य सरकार के नगर विकास मंत्री सोनू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को अब राष्ट्रीय फलक पर लेकर जाना है। हमारे सर्वमान्य नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी राष्ट्रीय पहचान दिलानी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता तथा नेता एकजुट होकर काम करें। मंत्री बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के 54 में स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन गोल्फ ग्राउंड धनबाद में किया गया था। उन्होंने कहा कि हमें गुरु जी के बताए मार्ग पर चलना है। गुरुजी ने पार्टी को खड़ा किया। झारखंड आंदोलन को नई दिशा दी। उनके योगदान को बुलाया नहीं जा सकता अब समय आ गया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का राज्य के बाहर विस्तार किया जाए। मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। राज्य विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बच्चों से लेकर वृद्ध तक के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। केंद्र सरकार झारखंड की मदद नहीं कर रही है। इसके बाद भी राज्य में कल्याणकारी और सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं चल रही है। टुंडी विधायक और मुख्य सचेतक मथुरा महतो ने कहा कि शिबू सोरेन राज्य की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। झारखंड राज्य की स्थापना उनके संघर्ष का परिणाम है। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार शिबू सोरेन को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित करें। झारखंड की जनता भी यही चाहती है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो विनोद पांडे फागु

## रांची मेयर चुनाव में रोशनी खलखो ने किया नामांकन

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** नगर निकाय चुनाव भले ही गैर-दलीय आधार पर हो रहा हो, लेकिन नामांकन के दौरान राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी से चुनाव पूरी तरह सियासी रंग में रंगा नजर आ रहा है। नामांकन के आखिरी दिन रांची महापौर पद के लिए बीजेपी समर्थित प्रत्याशी रोशनी खलखो के नामांकन जुलूस में भी यही तस्वीर देखने को मिली।रोशनी खलखो पुराना जेल चौक से पदयात्रा करते हुए समर्थकों और नेताओं के साथ समाहरणालय पहुंचीं। इस दौरान बीजेपी के कई विधायक, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सिर पर पगड़ी और गले में भगवा गमछा डाले समर्थकों का उत्साह चरम पर दिखा और पूरे रास्ते शक्ति प्रदर्शन का माहौल बना रहा।नामांकन के बाद रोशनी खलखो ने जीत का दावा करते हुए कहा कि नगर निगम की मौजूदा स्थिति और शहर के हालात सिस्टम को दुरुस्त करने की बड़ी चुनौती पेश करते हैं, लेकिन वे जनता का आशीर्वाद लेकर बदलाव के लिए मैदान में उतरी हैं।रांची विधायक सीपी सिंह ने रोशनी खलखो को मेहनती और अनुभवी बताते हुए कहा कि वे दो बार पार्षद रह चुकी हैं और एक बार निर्विरोध चुनी गई थीं। उन्होंने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी रमा खलखो की दावेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी छवि जनता के बीच मजबूत नहीं है, जिसका फायदा रोशनी खलखो को मिलेगा।वहीं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने भी रोशनी खलखो को मिलनसार और जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाला नेता बताते हुए उनकी जीत का दावा किया। उन्होंने माना कि नगर निगम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए चुनाव जीतने के बाद चुनौतियां कम नहीं होंगी।

## रांची एवं आर0के0एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर, मुम्बई के बीच एमओए

संताल एक्सपेस

**रांची।** रांची ने अपनी सीएसआर पहल ''आरोग्य पोषण'' को लागू करने के लिए आर0के0एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर, मुम्बई के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया। इस पहल का उद्देश्य रांची जिले के सीएमपीडीआइ कमांड क्षेत्रों में लगभग 1550 टीबी रोगियों को छह महीने अवधि के लिए पोषण संबंधी सहायता प्रदान करना है। इससे टीबी रोगियों के प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, उपचार के परिणामों में गुणात्मक सुधार तथा शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिलेगी। इस समझौते ज्ञापन पर सीएमपीडीआई के ओर से डॉ0 शिशिर दत्ता एवं आर0के0एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर की परियोजना प्रमुख सुश्री योगिता बोरकर मुरलीधरन ने हस्ताक्षर किए। इस पहल के माध्यम से सीएमपीडीआई सामुदायिक स्वास्थ्य, लैंगिग समानता, सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और अपने परिचालन क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

## चोरी का आरोपित गिरफ्तार एक करोड़ के जेवरात बरामद

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत एमई स्कूल रोड स्थित सेवा सदन अस्पताल के समीप 01 फरवरी की रात हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर चोरी में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हीरा, सोना, चांदी सहित अन्य महंगे जेवरात बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जुगसलाई सेवा सदन अस्पताल के पास रहने वाले रितिक कुमार सिंह (23) के रूप में हुई है।

## रिम्स-2 के निर्माण में सभी दल सहयोग करें : डॉ. इरफान अंसारी

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में की जा रही राजनीति पर गहरी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने राजनीतिक दलों के नेताओं से जनहित से जुड़े विषयों को राजनीति से ऊपर रखने की अपील की है। बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान-टू (रिम्स-2) के निर्माण में सहयोग करें, जिससे कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि रांची स्थित राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शासी निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार लाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान इस बात पर गंभीर मंथन किया गया कि रिम्स में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में रोगी प्रवाह प्रबंधन (पेशेंट फ्लो मैनेजमेंट) को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े। मंत्री ने कहा कि आज राज्य की जनता का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ा है और यही कारण है कि इतिहास में पहली बार रिम्स में हजारों की संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, मेरा स्पष्ट उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हर मरीज को बेहतर इलाज मिले और वह स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों को अपनाया जा रहा है, डॉक्टरों की बहाली की जा रही है, पैथोलॉजी लैब को सशक्त किया जा रहा है। साथ ही मैनपावर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सुविधाओं और आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि मरीजों को आधुनिक, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।रिम्स-2 के निर्माण को लेकर उठ रहे राजनीतिक सवालों पर मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका न कोई निजी स्वार्थ है, न किसी की जमीन पर नजर और न ही कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा। उन्होंने कहा, मैं विपक्ष के सभी नेताओं से विनम्र आग्रह करता हूं कि रिम्स-2 के निर्माण में मुझे सहयोग करने दें। मेरी केवल एक ही मंशा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पैसों की कमी कभी बाधा न बने।मंत्री ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य के कई मरीज गंभीर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। वहां उन्हें भारी रकम खर्च करनी पड़ती है और कई बार इलाज के बावजूद जान नहीं बच पाती। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो परिजनों को अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार भी दूसरे राज्यों में करना पड़ता है, जो बेहद पीड़ादायक और चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा, मैं आप सभी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि रिम्स-2 के निर्माण में सहयोग करें, ताकि हम लाखों लोगों की जान बचा सकें और राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने एक बार फिर सभी नेताओं से अपील की कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील और मानवीय विषय को राजनीति से ऊपर रखें और जनता की जान बचाने के इस प्रयास में एकजुट होकर साथ दें।

## आदित्य विक्रम की कांग्रेस में हुई वापसी प्रभारी ने कहा संगठन होगा मजबूत

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित मिलन समारोह में भाजपा नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने पार्टी पुन-वापसी कर ली। इसके अलावा झारखंड जनतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जवाहरलाल यादव और वीरेंद्र विक्रम ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के प्रदेश मुख?यालय में आयोजित मिलन समारोह का संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि आदित्य विक्रम जायसवाल के पार्टी में पुनर्वापसी से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने नीति और सिद्धांतों पर हमेशा से कायम रहने वाली पार्टी है और यही हमारी मजबूती की पहचान है। प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस के विचारों पर चलने वाले लोग हमेशा से समाज के सभी वर्गों के हितों की बात करते हैं।वहीं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस देश में एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़ी है जो सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लगातार संघर्षरत है। इस संघर्ष में हमारा साथ देने वालों का हर वक्त स्वागत है।पार्टी में शामिल होनेवालों में हीरालाल कुमार, सुमन कुमार, अजय कुमार, रवि, सोनू नायक, संजय भगत, अमित तिर्की, रिया देवी, प्रिय, उमाशंकर तिवारी, नितून, नौषाद अहमद, विमल टोप्पो सहित अन्य का नाम शामिल है।

## हाईकोर्ट ने सीयूजे झारखंड के रजिस्ट्रार को 5 फरवरी को पेश होने का दिया आदेश

संताल एक्सप्रेस

**रांची।**झारखंड हाईकोर्ट ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके रजिस्ट्रार को गुरुवार को सुबह साढ़े दस बजे अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है।हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने पीएचडी प्रवेश मामले में यूनिवर्सिटी के शपथ-पत्र को झूठा बताते हुए प्रथम दृष्टया कोर्ट को गुमराह करने का माना है।दरअसल, याचिकाकर्ता अमित कुमार चौबे ने इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग में वर्ष 2023-24 सत्र के लिए पीएचडी सीटों पर प्रवेश नीति को चुनौती दी है।यूनिवर्सिटी ने अपने 22 अगस्त 2025 के पूरक शपथ-पत्र में दावा किया था कि वर्ष 2023-24 सत्र में तीन ओबीसी सीटें खाली थीं, जो सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को नहीं दी जा सकती थीं।इन्हें अगले सत्र में कैरी फॉरवर्ड कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने 13 नवंबर 2025 के शपथ-पत्र इसका खंडन करते हुए सीट मैट्रिक्स पेश किया, जिसमें कुल 6 सीटें बताई गईं- एससी-1, एसटी-0, ओबीसी-4, ईडब्ल्यूएस-0, यूआर-1 सीट थी।कोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया भ्रामक माना और रजिस्ट्रार को गुरुवार को स्पष्टीकरण देने को कहा है।अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया कोर्ट को झूठे शपथ-पत्र से गुमराह किया गया लगता है।दरअसल, यह मामला आरक्षण नियमों और सीटों के कैरी फॉरवर्ड से जुड़ा है।याचिकाकर्ता ने कहा है कि कोई भी एजुकेशनल संस्थान में चाहे वह रिजर्व कैटेगरी का सीट क्यों न हो अगर रिजर्व कैटेगरी की विद्यार्थी नहीं है, तो उसे सीट को खाली नहीं रख सकते उस सीट को मेघावी विद्यार्थी से भरना होगा।

## आश्रितों को नियोजन के लिए शव के साथ सातवें दिन भी धरना

**पुटकी।** पुटकी बलिहारी क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष नियोजन की मांग को लेकर बीसीसीएल कर्मी अर्जुन कोड़ा का शव रखकर परिजन आज सातवें दिन भी धरना पर बैठे हैं। प्रबंधन आश्रित को नियोजन देने के मामले में कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। मृतक के परिजन अब भी नियोजन की माँग क़ो लेकर शव के साथ धरने पर बैठे हैं । संयुक्त मोर्चे के यूनियन नेताओं ने बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## हाथी के हमले में घायल अधेड़ की मौत

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमा से सटे सरडीहा पंचायत के बांकशोल गांव में जंगली हाथी के हमले से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान बांकशोल गांव निवासी 52 वर्षीय खगेन हेंब्रम के रूप में हुई है। खगेन हेंब्रम की मौत बुधवार देर रात पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम अस्पताल में इलाज के दौरान हुई, जबकि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

**हाजीपुर ।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर द्वारा क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहाँ अधिकांश कार्य हिंदी में ही होता है फिर भी राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किए जाने की आवश्यकता है. यदि अधिकारीगण छोटे-छोटे आदेश/टिप्पणी हिंदी में लिखें तो हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और इससे अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे. हिंदी की व्यापकता और सार्थकता सभी स्वीकारते हैं. अब समय आ गया है कि हम अपना दैनिक कामकाज हिंदी में करें. सरल और सहज शब्दों का प्रयोग करें, क्योंकि भाषा प्राथमिक रूप से अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम है. एक टीम के रूप में कार्य करते हुए हम यह सुनिश्चित करें कि राजभाषा के सभी मानक निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाए तभी बैठक की सार्थकता सिद्ध होगी.इस अवसर पर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्मिक विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया. इसे सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने प्राप्त किया. महाप्रबंधक महोदय द्वारा ÷पूर्व मध्य रेल दर्पण÷ राजभाषा बुलेटिन के वर्तमान अंक एवं साथ ही राजभाषा सहायिक के दूसरे संस्करण का भी लोकार्पण किया गया. इसके साथ रेलवे बोर्ड व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना आधार वर्ष-2023 के पुरस्कृत अधिकारी/कर्मचारियों को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया. राजभाषा प्रयोग-प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों, कारखानों आदि के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, उन्होंने अपने विभागों, मंडलों आदि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया.

## जिंदल फाउंडेशन, पतरातू द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

**पतरातू।** जिंदल फाउंडेशन, पतरातू द्वारा क्षेत्र में प्राकृतिक एवं सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोड्यूसर ग्रुप (क्ष्ल) से जुड़े 70 किसानों के बीच वर्मी कम्पोस्टिंग किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक संतोष कुमार सहित मीनू सिंह, रूपेश कुमार एवं कुमार राहुल उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला। प्रत्येक वर्मी कम्पोस्टिंग किट में पॉलीथीन शीट, रोज़ कैन तथा 1 किलोग्राम केंचुए शामिल थे, जिससे किसान स्वयं जैविक खाद का निर्माण कर सकें। यह पहल किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाने में सहायक सिद्ध होगी।जिंदल फाउंडेशन का यह प्रयास कम लागत वाली प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल उत्पादन में वृद्धि करने तथा किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नगर निकाय चुनाव : नामांकन के आखिरी दिन अध्यक्ष पद के लिए गोड्डा से 5 और महागामा से 7 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** नगरपालिका आम निर्वाचन के तहत नाम निर्देशन के आखरी दिन बुधवार को गोड्डा नगर परिषद और महागमा नगर पंचायत में अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवारों नें नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाची पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोड्डा नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए कुल 5 उम्मीदवारों जिसमें विशाल कुमार मंडल, अनिल साह, सोनी परवीन, मोहम्मद मुस्तकीम, विशेश्वर पंडित ने नामांकन किया। इधर, महागामा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 07 उम्मीदवारों में चुन्नू कुमार मड़ैया, मेरी किरण टुडू, मनोहर मरांडी, जितेंद्र हेंब्रम, दुर्गा सोरेन दो सेट में, प्रबोध सोरेन तथा सुरज बेसरा हैं। सभी अभ्यर्थी महागामा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के निवासी हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। निर्वाचन से जुड़े सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए गए। नामांकन केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। नामांकन के दौरान निर्वाचन कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों के कागजातों की प्रारंभिक जांच की गई। निर्धारित तिथि को नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) की जाएगी, जिसके उपरांत अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए अंतिम रूप से निर्वाचन मैदान में उतरे अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी।जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही सभी अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की गई है। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

## पोड़ैयाहाट हॉस्टल से लापता हुए चार छात्र जमुई रेलवे स्टेशन से बरामद

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के तीन छात्र और किड्स प्ले स्कूल का एक छात्र बीते मंगलवार को लापता हो गए थे। वहीं इन सभी को बाद में जमुई रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। ये छात्र लालदेव यादव द्वारा संचालित एक किराए के हॉस्टल में रहते थे। मामला पोड़ैयाहाट प्रखंड क्षेत्र का है जहां मंगलवार को ये छात्र हॉस्टल से स्कूल के लिए निकले थे और लापता हो गए। जब देर शाम तक छात्र वापस नहीं लौटे, तो स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पोड़ैयाहाट थाना को इसकी सूचना दी।सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पोड़ैयाहाट के प्रभारी प्रधानाचार्य नारायण प्रसाद यादव ने बताया कि लापता छात्रों में आलोक कुमार कक्षा पांचवीं, विवेक कुमार कक्षा तीसरी और आयुष कुमार कक्षा दूसरी, तीनों सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र हैं। वहीं चौथा छात्र अनूप कुमार किड्स प्ले स्कूल का छात्र है। सभी छात्र रामगढ़ थाना क्षेत्र के छोटी रणबहियार गांव के निवासी हैं।इस मामले में स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य गजाधर सिंह ने बताया कि हॉस्टल और स्कूल के बीच की दूरी लगभग 5 से 6 सौ मीटर की है। छात्रों का इस तरह से गायब हो जाना हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है। इस घटना ने स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ हॉस्टल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर छात्र इतनी दूर तक कैसे पहुंच गए।वहीं थाना प्रभारी महावीर पंडित ने बताया कि पुलिस को बीती शाम छात्रों के गायब होने की सूचना मिली थी।

## उदयकांत को मिला डाक्टरेट की मानद उपाधि

**गोड्डा ।** सेवा निवृत्त शिक्षक उदयकांत सिंह को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ मथुरा (उप्र) द्वारा दिल्ली में आयोजित शिविर में विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डा. इन्दुभूषण मिश्र, पूर्व कुलपति पद्मश्री डा. अरविंद कुमार, रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी की डा. ऋतु दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। इसके पूर्व उदयकांत सिंह को शिक्षा एवं समाज में बहुमूल्य योगदान के लिए वर्ष 2015 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनको मानद उपाधि से सम्मानित करने पर स्थानीय शिक्षाविदों में खुशी की लहर है। उपाधि ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि विद्या वाचस्पति की मानद सम्मान मिलना गौरव की बात है।यह सम्मान अपने स्मृतिशेष माता-पिता एवं एकलौते पुत्र आकाशदीप को समर्पित है।

## गोड्डा की 15 वर्षीय बालिका को नोएडा से सुरक्षित लाकर परिजनों को सौंपा

**गोड्डा ।** बाल कल्याण समिति, गौतमबुद्ध नगर के आदेश के अनुपालन में 15 वर्षीय बालिका को साईं कृपा बालिका गृह, नोएडा से उसके गृह जिला गोड्डा सुरक्षित रूप से वापस लाया गया। गोड्डा पहुचनें के बाद बालिका को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। बालिका की वापसी की प्रक्रिया किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम, 2015 संशोधन 2021, मॉडल नियम 2016 संशोधन 2022 तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी प्रोटोकॉल फॉर रेस्टोरेशन एंड रिपैट्रिएशन ऑफ चिल्ड्रन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन के अंतर्गत की गई। जिला बाल संरक्षण इकाई गोड्डा की निगरानी में बालिका को सुरक्षित रिसीव किया गया और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरांत उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सूरज सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि उन्हें बालिका की वापसी की सूचना पूर्व में प्राप्त हुई थी। जिसके बाद वे स्वयं मौके पर पहुँचे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। उन्होंने बालिका के सुरक्षित पुनर्वास पर संतोष व्यक्त किया।

## नामांकन को लेकर किया गया प्रचार-प्रसार

**नाला (जामताड़ा) ।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन को लेकर बुधवार को पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नाला की शिक्षिकाओं एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। इस क्रम में तुस्कुटी, फुटबेड़िया, रांगाशोला, मथुरा, बनचिहुटिया सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर पोस्टर-बैनर चिपकाए गए तथा लोगों को नामांकन के लिए जागरूक किया गया।

## विद्यालय में नामांकन को लेकर किया गया प्रचार-प्रसार

संताल एक्सप्रेस

**नाला (जामताड़ा) ।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन को लेकर बुधवार को पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नाला की शिक्षिकाओं एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। इस क्रम में तुस्कुटी, फुटबेड़िया, रांगाशोला, मथुरा, बनचिहुटिया सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर पोस्टर-बैनर चिपकाए गए तथा लोगों को नामांकन के लिए जागरूक किया गया।अभियान के दौरान चौक-चौराहों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सभी वर्ग एवं समुदाय के लोगों से संवाद कर नामांकन प्रक्रिया, पात्रता एवं मापदंडों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं विद्यालय में नामांकन ले सकें।प्रचार-प्रसार के दौरान बताया गया कि एकल अभिभावक की बालिकाओं, अनाथ एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ी बालिकाओं को नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली बालिकाओं को भी विशेष प्राथमिकता देने की बात कही गई।इस अवसर पर वार्डन रीना रोजलीन मुर्मू ने जानकारी दी कि कक्षा 6 में कुल 75 छात्राओं का नामांकन किया जाना है।

## बीईईओ ने मैट्रिक व इंटर परीक्षा केंन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**नाला (जामताड़ा)।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा संचालित माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा बुधवार को नाला स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का संचालन केंद्राधीक्षक आनंद रंजन मिश्रा की देखरेख एवं पर्यवेक्षण में किया गया।परीक्षा केंद्र का संयुक्त निरीक्षण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारीमिलन कुमार घोष तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नित्यानंद गोरॉई ने किया। इस दौरान बीईईओ मिलन कुमार घोष ने सभी परीक्षा कक्षों का बारी-बारी से निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था, अनुशासन एवं परीक्षा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।बताया गया कि मैट्रिक परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 775 परीक्षार्थियों में से 771 उपस्थित रहे, जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरी पाली में आईएससी अर्थशास्त्र की परीक्षा में कुल 29 में से सभी 29 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार मंडल, सहायक केंद्राधीक्षक सुरजीत भट्टाचार्य सहित शिक्षक एवं वीक्षक के रूप में राधा विनोद मंडल, बादशाह मुखर्जी, अद्वैत मंडल, सुकांत राणा, शिवली मंडल, रेखा मंडल, सुमन कुमार बनर्जी, सत्येंद्र कुमार सिन्हा, वीरेंद्र नाथ गोराई, उत्तम कुमार माजी, मैनेजर सोरेन, कृष्णकांत घोष, सुकू सोरेन, सोनालाल सोरेन, प्रियतोष साधु,

## एसडीओ ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**गोड्डा ।** झारखंड अधिविद् परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के सुचारु, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा गोड्डा जिले के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों यथा:- एमएके आजाद डिग्री कॉलेज बसंतराय, एमएके आजाद इंटर कॉलेज बसंतराय, एमएस बसंतराय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विद्यालयों में स्थापित परीक्षा कक्षों, केंद्राधीक्षकों के कक्ष, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था, उत्तर पुस्तिकाओं के संधारण, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस बल एवं शिक्षकों से परीक्षा संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की।अनुमंडल पदाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा परिषद द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए और अनुशासित एवं भयमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों से भी संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें।

## जनविरोधी बजट के खिलाफ किसान-मजदूरों में नाराजगी

**जामताड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट के विरोध में बुधवार शाम करीब 5 बजे जामताड़ा प्रखंड के सहरपुरा बस्ती में किसान और मजदूर संगठनों ने संयुक्त रूप से जोरदार आवाज बुलंद की। एआईकेएस एवं सीआईटीयू के बैनर तले आयोजित नुक्कड़ सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुटे और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई।सभा को संबोधित करते हुए सीआईटीयू के लखन लाल मंडल, चंडी दास पुरी, किसान सभा के सचिन राणा एवं सुरजीत सिन्हा ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार का बजट किसान, मजदूर, बेरोजगार और आम जनता के हितों की पूरी तरह अनदेखी करता है।इसी कारण इस जनविरोधी बजट का खुलकर विरोध किया जा रहा है।नेताओं ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए बताया कि 12 फरवरी को 17 सूत्री मांगों के समर्थन में राष्ट्रीय आम हड़ताल बुलाई गई है। उन्होंने दावा किया कि यह हड़ताल देशव्यापी और ऐतिहासिक होगी, जो सरकार को मजदूर-किसान विरोधी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करेगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता इब्राहिम अंसारी ने की। इस मौके पर सुजीत माजी, अनूप सरखेल, सफीक अंसारी सहित किसान सभा एवं मजदूर संगठनों के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक में श्रम कानूनों का विरोध

संताल एक्सप्रेस

**नाला( जामताड़ा)।** बारघरिया सभा भवन में बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड उमापद कोड़ा ने की। बैठक के प्रारंभ में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह जामताड़ा जिला प्रभारी कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी नाला प्रभारी कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया तथा जिला प्रभारी पशुपति कोल ने बैठक को संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा कि देश के 10 ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर चार श्रम कानूनों एवं मनरेगा का नाम बदलकर ग्रामीण भारत रोजगार गारंटी किए जाने के विरोध में आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मजदूरों एवं किसानों को गुलाम बनाने जैसा है। साथ ही 8 घंटे के स्थान पर 12 घंटे काम कराने के प्रयास के विरोध में आगामी 12 फरवरी को पूरे देश में दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आम हड़ताल कर मुख्य सड़कों को जाम किया जाएगा।बताया गया कि 12 फरवरी के आंदोलन को सफल बनाने के लिए भाकपा जामताड़ा जिला कमिटी की ओर से9 फरवरी को नाला आमबगान चौक में अपराह्न 4 बजे,10 फरवरी को कुंडहित प्रखंड हटिया प्रांगण में शाम 4 बजे तथा11 फरवरी को फतेहपुर बाजार चौक में शाम 4 बजे नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जाएगा।साथ ही 12 फरवरी को कुंडहित मोड़ (दुमका-आसनसोल मुख्य सड़क) तथा फतेहपुर प्रखंड बाजार चौक में पथ अवरोध किया जाएगा।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 9 मार्च को माधवा में 44वां स्मरण सभा मनाई जाएगी। वक्ताओं ने बताया कि 15 मार्च को रांची में पार्टी का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जामताड़ा जिला से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। वहीं 23 मार्च को ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के बैनर तले शहीद-ए-आज़म भगत सिंह का शहादत दिवस नाला में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके अलावा मार्च माह में आदिवासी महासभा एवं महिला समाज सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में जिला सचिव गौर रवानी, कालिपद राय, बिमलकांत घोष, बनमाली राय, बलराम राय, महादेव हांसदा, सुरेश राय सहित अन्य कॉमरेड उपस्थित थे।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को मिला नया आयाम

**जामताड़ा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को मिहिजाम नगर परिषद (वर्ग-ख) एवं जामताड़ा नगर पंचायत के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों का जामताड़ा आगमन हुआ। आगमन के अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) पंकज कुमार रवि ने परिसदन भवन में सामान्य प्रेक्षक संजय पाण्डेय (मिहिजाम नगर परिषद) एवं विभूति मंडल (जामताड़ा नगर पंचायत) का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इसके पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त जामताड़ा रवि आनंद के साथ सामान्य प्रेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकाय चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।बैठक के उपरांत सामान्य प्रेक्षकों द्वारा दोनों निकाय क्षेत्रों में चल रही नाम निर्देशन प्रक्रिया का भी अवलोकन किया गया तथा जमीनी स्तर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि एवं जिला शिक्षा अधीक्षक विकेश कुणाल प्रजापति समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की यह पहल नगर निकाय चुनाव को सुव्यवस्थित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप संपन्न कराने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

## नगर निकाय चुनाव : गोड्डा और महागामा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

## विद्यालय में विधिक साक्षरता कार्यक्रम



संताल एक्सप्रेस

**सुंदरपहाड़ी ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को प्रखंड अंतर्गत तसरिया स्थित एकलब्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को कानूनी जानकारी दी गई एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया गया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल एलएडीसी अजीत कुमार, आयूष राज, अधिकार मित्र सह पीएलवी नवीन कुमार, धनंजय कुमार, चुनका मरांडी, मंजूरी बीबी, राकेश कुमार आदि ने विविध जानकारी दी। एलएडीसी अजीत कुमार ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 से महिलाओं की सुरक्षा पर प्रकाश डाला।कहा कि किसी कार्य, चूक, कृत्य या आचरण को घरेलू हिंसा माना जाएगा। इसके तहत व्यक्ति के स्वास्थ्य, सुरक्षा, जिंदगी, अंग मानसिक या शारीरिक रूप से प्रताड़ना, शारीरिक शोषण, यौन शोषण, मौखिक व भावनात्मक शोषण व आर्थिक शोषण, दहेज या गैर कानूनी मांग की पूर्ति हेतु उत्पीड़न का शिकार होना शामिल है। एलएडीसी आयुष राज ने कहा कि बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने 2012 में पोक्सो कानून को अस्तित्व में लाया। यह कानून 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों चाहे वह लड़का हो या लड़की दोनों को उनके प्रति यौन अपराधों या यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान करता है। इसकी सुनवाई पोक्सो के विशेष अदालत में की जाती है। मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति को इसकी सूचना देना अनिवार्य है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता

नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया। यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो।

संसद के भीतर अप्रकाशित 'संस्मरण' के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मर्यादा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है।

राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है।

## आत्महत्या रोकथाम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाना समय की माँग

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता की प्रगति के साथ -साथ मानसिक,सामाजिक और आर्थिक जटिलताएँ भी बढ़ती गई हैं। इन्हीं जटिलताओं से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है,आत्महत्या। यह केवल किसी व्यक्ति का निजी निर्णय नहीं होता,बल्कि इसके पीछे सामाजिक् मनोवैज्ञानिक,द्र सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों का गहरा प्रभाव होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आत्महत्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना जाता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करके अपनी जान गंवाते हैं, जिसका अर्थ है कि हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं,बल्कि वैश्विक संकट है। जिसका समाधान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मिट बुलाकर करना समय की मांग है। बता दे भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति की घोषणा की है।यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जिसमें वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10 पर्सेंट की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्य योजना और बहु-क्षेत्रीय सहयोग शामिल है।यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या क्या है और क्यों की जाती है? किस देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या होती है?इसको समझने की करें तो, आत्महत्या का सामान्य अर्थ है, व्यक्ति द्वारा जानबूझकर अपनी जान लेना। यह निर्णय किसी क्षणिक आवेग का नहीं, बल्कि लंबे समय तक चले मानसिक और सामाजिक दबाव का परिणाम होता है। डब्लूएचओ की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या करने वालों में से लगभग 77 पर्सेंट लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों से होते हैं,जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ सीमित होती हैं और सामाजिक कलंक के कारण लोग मदद माँगने से कतराते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारणों में डिप्रेशन,बाइपोलर डिसऑर्डर, सिज़ोफ्रेनिया, नशे की लत, तथा सामाजिक अलगाव प्रमुख हैं। इसके अलावा रिश्तों में असफलता, बेरोजगारी, आर्थिक तंगी,घरेलू हिंसा और युवाओं पर शिक्षा व करियर का दबाव भी आत्महत्या के प्रमुख कारक हैं।वैश्विक स्तर परआत्महत्या की दर हर देश में अलग-अलग है।डब्ल्यूएचओ की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि लिथुआनिया दक्षिण कोरिया,रूस, गुयाना और जापान जैसे देशों में प्रति 1 लाख आबादी पर आत्महत्या दर सबसे अधिक दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, लिथुआनिया में यह दर लगभग 25.7 प्रति 1 लाख है, जबकि दक्षिण कोरिया में लगभग 20.2 प्रति 1 लाख। वहीं भारत और चीन जैसे देशों में कुल आत्महत्याओं की संख्या सबसे अधिक है,क्योंकि यहाँ जनसंख्या बहुत बड़ी है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरब) 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में 1.64 लाख से अधिक आत्महत्याएँ दर्ज की गईं, यानें हर दिन औसतन 450 से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या दैनिक वेतन बोगियों, छात्रों और किसानों की है। जापान में आत्महत्या लंबे समय से सामाजिक समस्या रही है,जहाँ हर साल लगभग 20,000 से अधिक लोग जीवन समाप्त कर लेते हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती होने की करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि आत्महत्या को केवल व्यक्तिगत समस्या मानना उचित नहीं है।डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी) के विशेषज्ञ मानते हैंकि आत्महत्या दरअसल मानसिक,सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों का परिणाम है।2021 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के पीछे गरीबी, सामाजिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा का अभाव जैसी समस्याएँ भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।युवाओं मेंआत्महत्या की दर विशेष रूप से चिंताजनक है।15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। डिजिटल युग में साइबर बुलिंग, ऑनलाइन दबाव और सोशल मीडिया की अवास्तविक अपेक्षाएँ भी युवाओं को आत्महत्या की ओर धकेल रही हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या रोकने के उपायों की करें तो शोध और डेटा संग्रह आत्महत्या रोकथाम की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। डब्लूयुएचओ की मेन्टल हेल्थ अटलस 2020 रिपोर्ट बताती है कि दुनियाँ के 80 पर्सेंट से अधिक देशों में आत्महत्या से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है या अधूरा है। इससे नीतियों का निर्माण कठिन हो जाता है। आईएएसपी लगातार इस दिशा में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहा है। अमेरिका और यूरोप के देशों ने आत्महत्या रोकथाम पर व्यापक शोध कियाद्द है,जिससे यह साबित हुआ है कि कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), साइकोसोशल सपोर्ट, हेल्पलाइन सेवाएँ और सामुदायिक सहयोग आत्महत्या रोकने में बहुत प्रभावी हैं।पेशेवरों को प्रशिक्षित करना भी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाँ भर में प्रति 1 लाख लोगों पर औसतन केवल 13 मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर हैं, जबकि विकसित देशों में यह अनुपात बहुत अधिक है। इस असमानता के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में आत्महत्या रोकथाम चुनौतीपूर्ण बन जाती है। यदि डॉक्टर, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी आत्महत्या के संकेतों को पहचानने और सही समय पर हस्तक्षेप करने में प्रशिक्षित हों, तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्याओं को रोकने के लिए शिक्षा और संवाद की आवश्यकता सबसे मजबूत हथियार होने की करें तो, आईएएसपी और डब्लूयुएचओ दोनों ही यह मानते हैं कि सार्वजनिक जागरूकता से आत्महत्या की प्रवृत्ति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डब्लूएचओ की 2022 की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद बढ़ाने से आत्महत्या दर में 20 पर्सेंट तक की कमी लाई जा सकती है।आज भी अधिकांश समाजों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को लेकर सामाजिक कलंक मौजूद है। लोग इस विषय पर बात करने से कतराते हैं।इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित व्यक्ति अकेलेपन और शर्मिंदगी का शिकार हो जाता है। युवाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना और उन्हें यह समझाना कि मदद माँगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस है,अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में काउंसलिंग सेवाएँ, हेल्पलाइन नंबर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएँ शुरू करना उपयोगी साबित हो सकता है। उदाहरण के लिए, दक्षिण कोरिया और जापान ने स्कूल स्तरपरमानसिक स्वास्थ्य शिक्षा लागू की है, जिससे आत्महत्या की दर कम करने में मदद मिली है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या की रोकथाम के वैज्ञानिक और सामाजिक उपायों की करें तो,आत्महत्या रोकथाम के लिए बहुआयामी उपाय आवश्यक हैं।डब्लूयुएचओ की लाइव लाइफ रणनीति (2021) में चार प्रमुख उपाय सुझाए गए हैं (1) हानिकारक साधनों की उपलब्धता को कम करना (जैसे कीटनाशक, आग्नेयास्त्र,दवाइयाँ), (2) मीडिया रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार दिशानिर्देश बनाना,(3) किशोरों और युवाओं में सामाजिक व भावनात्मक कौशल विकसित करना,(4) जल्दी पहचान और सहायता उपलब्ध कराना।इन उपायों से आत्महत्या की दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, श्रीलंका ने कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाकर आत्महत्या की दर को 70 पर्सेंट तक घटा दिया। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने हेल्पलाइन और काउंसलिंग सेवाओं का विस्तार करके आत्महत्या रोकथाम में सफलता प्राप्त की हैं।

साथियों बात अगर हम इसका रोकथाम दिवस मनाकर इसपर जबरदस्त नियंत्रण की करें तो,10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है,आत्महत्या की समस्या वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है।डब्लूएचओ, आईएएसपी और यूएन लगातार आत्महत्या रोकथाम पर काम कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।भविष्य की दिशा यह होनी चाहिए कि सभी देश आत्महत्या रोकथाम को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाएँ। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके एआई आधारित हेल्पलाइन, 24×7 ऑनलाइन काउंसलिंग, मोबाइल एप्स विकसित किए जाएँ, ताकि संकट की घड़ी में लोग तुरंत मदद पा सकें। इसके अलावा आत्महत्या के प्रयास करने वालों को अपराधी मानने की बजाय रोगी समझा जाए और उन्हें उचित चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाए।

## क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्व गुरु ?

**निर्मल रानी**

पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोज़र से ढहा दिये जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त ख़बरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल ज़िले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी ज़मीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूँकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम अब्दुल नईम था इसलिये प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाये मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोज़र उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे। खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोज़र चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोज़र चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नज़र आये । उस पर ढिटाई यह कि ज़िला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोज़र चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ़ इनकार कर रहे हैं। ग़ौरतलब है कि लगभग दो हज़ार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिये थे। बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को विश्व गुरु बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं ? और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी ? परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी ज़ोर ज़ोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेज़ी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किये जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानतः लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिये गये या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिये गये। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज़्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किये जाने की ख़बर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल,महाराष्ट्र,पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफ़ी संख्या में स्कूल बंद किये गये।

स्कूल बंद करने के जो कारण बताये गये उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गयी तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किये गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया। इसी तरह कुछ राज्यों में नये निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। ज़ाहिर है इससे ग़रीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज़्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड बिहार,मध्य प्रदेश,व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किये गये। निःसंदेह यह क़दम ख़ासकर ग़रीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90त्न से ज़्यादा मदरसा छात्र ग़रीब पृष्ठभूमि से आते हैं। जहाँ तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफ़रत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नज़र डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जायेगी और यह महज़ एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फ़ारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फ़ारसी का ज्ञान प्राप्त किया। तभी वे फ़ारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना ज़फ़र नामा फ़ारसी में लिखी।

**पाकुड़ की खबरें**

## पाकुड़ में नगर निकाय अध्यक्ष पद के लिए 10 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। नगर निकाय चुनाव के नामांकन की अंतिम दिन काफी गहमा गहमी रहा। नगर परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बुधवार को नामांकन तिथि के अंतिम दिन नगर निकाय के अध्यक्ष पद हेतु कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल की है। 29 जनवरी से नामांकन प्रारंभ है। 4 फरवरीनामांकन का अंतिम दिन था। 5 फरवरी को 11ः00 बजे अपराह्न से 3ः00 तक नामांकन की जांच की जाएगी । 6 फरवरी को नामांकन पत्र वापसी की तिथि है। निर्वाचन से संबंधित प्रतीक आवंटनः 7 फरवरी को की जाएगी। 23 फरवरी 2026 सुबह 7ः00 से शाम के 5ः00 तक चुनाव के कार्य संपन्न कराए जाएंगे। 27 फरवरी को बाजार समिति पाकुड़ में मतगणना होगी।पाकुड़ नगर परिषद में पार्षदों की स्थिति स्पष्ट है।पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 5, महिला वर्ग के 8 अनुसूचित जनजाति के 1 अनुसूचित जाति 1, पिछड़ा वर्ग के लिए 3 सीट आरक्षित है। सभी प्रत्याशी निर्दलीय रूप से मैदान में है,जिसमे मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। अब आगे की प्रक्रिया पर सबकी नजरें टिकी है। अध्यक्ष पद के लिए 10उम्मीदवारों ने भरा पर्चा अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला हेतु बुधवार तक मीता पांडे , पूनम देवी , सीमा सोनी भगत, सम्पा साहा , शेख़ सेलिना सुलताना , मोनिता कुमारी ,शबरी पाल, रीता देवी और ज्योति दुबे , मुकुल भटाचार्य कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया है इनमें से कई उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दो सेट में दाखिल की है।

## डीबीएल कंपनी खिलाड़ियों को कर रही प्रोत्साहित

पाकुड़। डीबीएल सेंट्रल कॉल कंपनी द्वारा पचवारा सेंट्रल कोल परियोजना क्षेत्र में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं गांव से उभरते खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग व आर्थिक मदद किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना क्षेत्र के गांव आलू बेड़ा के एक उभरते नौजवान खिलाड़ी निकोलस मुर्मू (19) का चयन राष्ट्रीय स्तर की एशिया टैलेंट हंट सीजन 5 जो मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित कॉर्पोरेट स्टेडियम में किया गया है।उसमें भाग ले रहे टीमों में चयन होने के लिए जाने हेतु डीबीएल कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक समन्वय संजीव कुमार सिंह द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया । इस अवसर पर कंपनी के पदाधिकारी जेपी राय एवं संजय दास सहित आलू बेड़ा के ग्रामीण राजू मुरमू जॉन हांसदा बबलू मुर्मू बार्निवास मुर्मू राम मुर्मू व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।खिलाड़ी निकोलस मुर्मू पिछले दिन आलू बेड़ा से भाया दुर्गापुर पश्चिम बंगाल होते हुए मुंबई के लिए रवाना हुए ।वहीं बुधवार को आलू बेड़ा गांव के टीम को दो फुटबॉल एवं जर्सी सेट कंपनी के पदाधिकारी जेपी राय एवं संजय दास द्वारा ग्रामीण खिलाड़ियों को देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

## पाकुड़ में नगर में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष के मुकाबले 321 अधिक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। नगर निकाय के चुनाव की नामांकन की प्रक्रिया 4 फरवरी को पूरी कर ली गई है।5 फरवरी को नामांकन की जांच की जाएगी। 6 फरवरी नामांकन पत्र वापसी की तिथि है। 7 फरवरी को प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 23 फरवरी को सुबह 7ः00 बजे से शाम के 5ः00 बजे तक मतदान किया जाना है।नगर परिषद के कुल 21 बाड़ों में 37,033 मतदाता हैं । इनमें से 18,356 पुरुष तथा 18,677 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 321 अधिक है। जानकारों की माने तो इस बार

महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। चुनाव में महिलाओं से जुड़े मुद्दे, सुरक्षा, कल्याणकारी कार्यक्रम, सड़क,साफ सफाई जल, स्वच्छता, मुख्य रूप से मुद्दा होने वाला है। मतदाता सूची के अनुसार वार्ड संख्या 1 से 21 तक सभी वार्डों का विवरण तैयार किया गया है।मूल मतदाता सूची के साथ अनुपूरक सूची के माध्यम से नये मतदाताओं को जोड़ा गया है, जबकि मृत्यु, स्थानांतरण और अन्य कारणों से कई नाम सूची से हटाये गये हैं।

वार्ड संख्या 16 में 2207 मतदाता, वार्ड 14 में 2119 , वार्ड न 21 में 2114, वार्ड 4 में 2020 और वार्ड न 11 में 1934 वोटर है। जो चुनाव में अधिक प्रभावशाली है। इन वार्डो की वोटर अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के लिए काफी अहम है। जीत-हार का अंतर और परिणाम को प्रभावित कर सकता है। वार्ड 20 में 1357 , वार्ड 2 में 1422, वार्ड 1 में 1439, वार्ड 15 में 1529 और वार्ड 5 में 1541 मतदाता है । यह सभी महत्वपूर्ण है। निर्णायक अंतर देने में इनकी भी अहम भूमिका होगी। विशेषज्ञों की माने तो वार्डवार मतदाता संख्या का सीधा असर नगर परिषद अध्यक्ष पद की चुनावी रणनीति पर पड़ता है। अगर कोई अध्यक्ष उपाध्यक्ष या वार्ड पार्षद पुनः चुनाव में खड़े हुए हैं तो उनका जीत हार का फैसला पूर्व के किए गए क्रियाकलाप के ऊपर निर्भर करता है।

## पीरपहाड़ उर्स मुबारक मेला में प्रशासन की सख्ती

महेशपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के पीर पहाड़ी में आयोजित उर्स मुबारक मेला आदिवासी ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन की सख्ती से फीका रहा ।नही लगी दुकानें और न ही हुई मेले का आयोजन पीर पहाड़ी जाने वाली मुख्य सड़क को दोनों ओर तालडीह एवं शहरग्राम के पास प्रशासन की ओर से बैरिकेटिंग लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया वाहन की प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया पीर मजार तक जाने के लिये लोग पैदल ही चल पड़े। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट में थे चप्पे चप्पे पुलिस तैनाती रहे ।वहीं प्रशासन की सख्ती से लोगों भी भीड़ काफी नही रही ।इधर प्रशासन ने आग्रह करते हुए कहा कि उर्स में किसी तरह का कोई किसी से न उलझे और न ही किसी की बहकावे में आये शांति ढंग से पूजा पाठ कर प्रसादी


**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी खोबोर

**सं. सी.3/पार्किंग/ई-ऑक्शन/2026** **माहित: 03.02.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् बाखरा आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः** पार्किंग। ई-**नीलामी कैटलॉग सं.**: एएसएन-पार्क-290126, **नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः** 16.02.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **स्टेशनको/जायगाको रेयाक् जुतुमः** जसीडीह रेलवे स्टेशन रे मारे सर्कुलेटिंग एरिया वाला जायगा रे फोर व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट (आसनसोल मंडल)। **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः** पार्किंग। ई-**नीलामी कैटलॉग सं.**: पार्किंग-एएसएन-डीजीआर, नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः 20.02.2026 हिलोक् 10.00 बजे। पार्किंग-एएसएन-डीजीआर, **नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः** 20.02.2026 हिलोक् 10.00 बजे। **स्टेशनको/जायगाको रेयाक् जुतुमः** हावड़ा नाखा सेच् दुर्गापुर रेलवे स्टेशन (दक्षिण भाग) रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे टू व्हीलर्स लागित् पार्किंग लॉट। जोतो नामडाक बोलीदाताको चेतान रे एम आकात् सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय ञेल आर ओना रे सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

**ASN-333/2025-26**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.govo.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपेः** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## डीएमएफटी योजनाओं की प्रगति को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

संताल एक्सप्रेस पाकुड़।जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, गुणवत्ता मानकों तथा क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने कहा कि डीएमएफटी योजनाएं खनन प्रभावित क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत विकास को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण किया जाए। साथ ही योजनाओं के निष्पादन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण एवं आधारभूत संरचना विकास से संबंधित डीएमएफटी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी कोष का मूल उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है।इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे तथा विकास कार्यों का सकारात्मक प्रभाव क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई दे।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय, पारदर्शी कार्य प्रणाली एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि डीएमएफटी योजनाएं जिले में सतत एवं संतुलित विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## दिलचस्प हो रहा है पाकुड़ का नगर निकाय चुनाव

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। बिलंब से ही सही किंतु नगर निकाय का चुनाव बड़ा ही दिलचस्प होने वाला है। त्रिकोणीय मुकाबले में जीत हार का फैसला जनता के हाथ में है। पार्टी आधारित चुनाव नहीं होने से उम्मीदवारों में काफी खुशी है एक ही पार्टी से ताल्लुक रखने वाले कतिपय चार-चार उम्मीदवार अपना भाग भाग्य आजमाइश कर रहे हैं। उनमें से सबसे प्रमुख नाम है नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष संपा साहा ने आज पाकुड़ भाजपा जिला अध्यक्ष सरिता मूर्मू, भाजपा नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, पूर्व जिला अध्यक्ष बलराम दूबे, अनुग्रहित प्रसाद साहा ,विवेकानंद तिवारी एवं सैंकड़ों समर्थकों के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुँचकर अध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन दाखिल किया। इन्हें बीजेपी द्वारा पूर्ण समर्थन प्राप्त है।नामांकन के पश्चात पत्रकारों से मुखातिब होते हुए संपा साहा ने कहा कि उनका लक्ष्य पाकुड़ को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने से जोड़ना है। उन्होंने संकल्प लिया कि चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार की तमाम जन-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर पाकुड़ नगर परिषद के हर पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ पहुँचाया जाएगा। इसके अलावा पूर्व में अध्यक्ष रह चुकी पूनम कुमारी फिर से अपनी भाग्य आजमाइश कर रही है। किंतु इस बार वे व्यक्तिगत रूप से खड़ी हुई है। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सबरी पाल पाकुड़ नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन व्यक्तिगत रूप से दाखिल किया है। इनके साथ काफी समर्थक उपस्थित थे। चतुर्थ स्थान है ज्योति दुबे का इन्होंने भी अपना नामांकन अध्यक्ष पद हेतु पूरे जोश खरगोश के साथ व्यक्तिगत रूप से दाखिल किया है।

## जलसा का हुआ आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़) मदरसा की तामीर व तरक्की को लेकर मंगलवार देर शाम को प्रखड़ के हाथकाठी मदरसा बदरुल हुदा लील बनीन वल वनात में 46 वां सालाना जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसे के चार बच्चों की हाफिज की पढ़ाई पूरी होने पर दस्तारबंदी की गई। रात भर चले इस जलसे में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे। जहां तकरीर करते हुए इटावा यूपी के जरजिस अंसारी चतुर्वेदी ने पुत्र , पिता व मां की कर्तव्यों की उल्लेख करते हुए कहा कि पिता को अपने बच्चों को उचित तालीम के साथ साथ संस्कार देना आवश्यक है।बच्चो की भविष्य निर्माण में पिता व माता की अहम भूमिका रहती है। जो बच्चो को जिस ढांचे में ढालने चाहे , उसी अनुरूप हो जाता है। बच्चो को उचित शिक्षा मिले , इसको लेकर प्रयास करना चाहिए। वही बच्चो का भी फर्ज बनता है कि अभिभावकों की दिशा निर्देशों को अंगीकार कर पालन करे। वही भविष्य में इनके सहारा बने , पर आधुनिकता के इस दौर में पुत्र अपने पिता की त्याग व बलिदान को भूल जाता है। संस्कारविहीन प्रतिक्रिया करने लगता है। जो सरासर गलत है। सभी जीवन की इस डगर में एक दूसरे की पूरक है। वही मालदा बंगाल के सैफुल इस्लाम इस्लाही चतुर्वेदी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालक बालिकाओ की शिक्षा व तालीम अनिवार्य है।

## एम्स देवघर में पहली बार एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी सफल, चिकित्सा क्षेत्र में नया अध्याय

**देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** एम्स देवघर में चिकित्सा इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। संस्थान में पहली बार एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी, यानी दूरबीन विधि से रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन, सफलतापूर्वक किया गया। यह जटिल सर्जरी न्यूरोसर्जन डॉ. अनिल कुमार और डॉ. विकास के नेतृत्व में ऑर्थोपेडिक्स टीम के सहयोग से संपन्न हुई, जबकि एनेस्थीसिया टीम में डॉ. ऋषभ सहित अन्य चिकित्सकों ने अहम भूमिका निभाई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पूरी सर्जरी अत्यंत सफल रही और ऑपरेशन के दौरान किसी भी प्रकार की जटिलता या परेशानी सामने नहीं आई। मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस उपलब्धि से एम्स देवघर में उन्नत न्यूरो और स्पाइन सर्जरी सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## जयंती पर याद किए गए विनय चंद्र सिंह

**मधुपुर ।** प्रखंड अंतर्गत भोक्ता छोरांट स्थित हथिया पाथर फार्म में विनय चंद्र सिंह स्मारक ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को एक सादे समारोह में इस क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतिक प्रसिद्ध समाजसेवी व पर्यावरणविद् स्वर्गीय विनय चंद्र सिंह को उनकी जयंती पर याद किया गया। कार्यक्रम के पहले चरण में दिवंगत समाज सेवी विनय चंद्र सिंह व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती जानकी सिंह की समाधि पर ट्रस्ट व फूलीन के सदस्यों तथा समाज के गणमान्य लोगों द्वारा पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । तत्पश्चात प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनकी स्मृति में स्थानीय पूर्व मखिया देव नारायण महतो द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मौके पर पत्रकार व समाजसेवी अरुण कुमार निर्झर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की विनय सिंह जी ने ही इस क्षेत्र के युवा समाज सेवियों को पर्यावरण की सीख देते हुए जीतपुर और चेंचाली के जंगलों को संरक्षित करने की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सिकंदर आलम ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की चयरमैन सलमा सितारा, श्रीमती शबाना परवीन, सिराज अंसारी, शहनाज तारा,अब्दुल मन्नान, रियाजुद्दीन, काशी राय, रूमाना तबस्सुम, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार विश्व कैंसर दिवस का आयोजन आईएमए हॉल देवघर में किया गया। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक रही। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.शालिनी कुमारी एवं डॉ. रूपक कुमार ने बताया कि कैंसर एक खतरनाक बीमारी जरूर है,लेकिन समय रहते पहचान और सही इलाज से इसे हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना जरूरी है कि कैंसर शरीर में कैसे फैलता है, ताकि वे इसके खतरों को गंभीरता से लें और समय पर जांच करवाएँ। डॉक्टरों ने जोर दिया कि जागरूकता,स्वस्थ जीवनशैली और आधुनिक चिकित्सा कैंसर से लड़ने के सबसे मजबूत हथियार हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम,तंबाकू और शराब से परहेज तथा त्वचा को अधिक धूप से बचाने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि स्क्रीनिंग से शुरुआती चरण में कैंसर का पता चल सकता है, जिससे इलाज की सफलता दर बढ़ती है। मौके पर अभिमन्यु कुमार दांगी,रवि चंद्रा मुर्मू एवं अभिषेक कुमार लाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विश्व कैंसर दिवस पर एम्स में जागरूकता कार्यक्रम

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर शहरी स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र (यूएचटीसी),कल्याणपुर, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग,एम्स देवघर द्वारा ÷अद्वितीय द्वारा एकजुट÷ थीम के अंतर्गत कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में कैंसर के प्रति जागरूकता,शीघ्र पहचान और समय पर उपचार के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर सर्वाइकल कैंसर,स्तन कैंसर और मुख (ओरल) कैंसर पर विशेष चर्चा की गई। सर्वाइकल कैंसर में असामान्य रक्तस्राव व दुर्गंधयुक्त स्राव जैसे लक्षणों, एचपीवी टीकाकरण और वीआईए जांच की आवश्यकता बताई गई। स्तन कैंसर के लिए गांठ, आकार में बदलाव जैसे संकेतों व स्तन स्व-परीक्षण पर जोर दिया गया। मुख कैंसर में लंबे समय तक न भरने वाला छाला, सफेद/लाल धब्बे जैसे लक्षणों की पहचान कराई गई। झारखंड में तंबाकू सेवन की व्यापकता से जोखिम बढ़ने की बात भी रेखांकित की गई। प्रतिभागियों को संदेश दिया गया कि सर्वाइकल, स्तन और मुख कैंसर की स्क्रीनिंग हर 5 वर्ष में अवश्य कराएं। यूएचटीसी कल्याणपुर में इन तीनों कैंसरों की स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में 37 प्रतिभागी शामिल हुए–16 आशा कार्यकर्ता, 19 ओपीडी मरीज और 2 स्टाफ। इंटर्न डॉक्टर साबिर, लावण्या, नंदिता, मुस्कान, शिबिल ने संसाधन व्यक्ति के रूप में भूमिका निभाई। समन्वय डॉ. धर्म प्रकाश गुप्ता ने किया। समापन पर डॉ. बिजित बिस्वास ने सारांश प्रस्तुत कर प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया।

## बसबिटिया में स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखी गई

**देवघर।** जरमुंडी अंतर्गत परिधि पंचायत के बसबिटिया गांव में स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखी गई। कार्यक्रम को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्र में दिनभर हलचल और उत्साह का माहौल देखा गया। आधारशिला कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक देवेंद्र कुंवर तथा जिला पार्षद पार्वती देवी उपस्थित रहे। उनके साथ पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर जुटे। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया पार्वती देवी, उपमुखिया मुकेश यादव, वार्ड सदस्य पूजा देवी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा गोरा महाराणा, शंकर महाराणा, वरुण यादव, सालिग्राम, महेंद्र, रंजीत ब्रह्म, सुभोत यादव तथा कार्यकर्ता परवीन माल, कमलेश्वर लायक, संदीप लायक, बारूदीन और राजू माल की उपस्थिति दर्ज की गई। स्वास्थ्य केंद्र की नींव रखे जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में संतोष और उम्मीद का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से प्राथमिक उपचार और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं गांव स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को क्षेत्र के लिए आवश्यक बताते हुए इसे जनहित और विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम माना। कार्यक्रम के साथ ही इलाके में विकास कार्यों को लेकर चर्चा तेज रही।

# मधुपुर नप चुनाव : अंतिम दिन 16 वार्ड पार्षद व 2 अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को नामांकन के दौरान कुल 16 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी यामुन रविदास एवं विनय कुमार पांडे के समक्ष दाखिल किए। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी अमर प्रसाद के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया। अब तक की नामांकन में नगर परिषद के विभिन्न वार्डों से कुल 133 वार्ड पार्षद प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। वहीं अध्यक्ष पद के लिए कुल 7 प्रत्याशियों ने अब तक नामांकन पत्र भरा है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान अनुमंडल कार्यालय परिसर में प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की भीड़ देखी गई, जिससे माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। प्रशासन की ओर से नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित तिथि तक नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसके बाद नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# झाड़ी में युवक का शव मिलने से सनसनी

## जसीडीह थाना क्षेत्र में ऑटो चालक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर स्थित चंद्रिका होटल के समीप एक झाड़ी में बुधवार सुबह 32 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सीमावर्ती राज्य बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के बसबुटिया गांव निवासी लड्डू यादव उर्फ छेदन यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही जसीडीह पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

मृतक की पहचान होते ही उसके परिजन और गांव के दर्जनों लोग देवघर पहुंच गए। सदर अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के पिता सुरेन यादव ने

बेटे की मौत को सामान्य घटना मानने से इनकार करते हुए इसे साजिश के तहत की गई हत्या बताया है।

परिजनों के अनुसार लड्डू यादव पेशे से ऑटो चालक था और देवघर, जमुई सहित आसपास के क्षेत्रों में वाहन चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि कुछ दिन पहले गांव के ही दो व्यक्तियों से लड्डू का विवाद हुआ था, जिसके दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। बाद में आपसी समझौते के बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गई और वे साथ काम करने लगे थे। बताया गया कि मंगलवार की सुबह गांव के चालक एक साथ पूजा करने की योजना बना रहे थे।

इसी क्रम में लड्डू अपनी गाड़ी घर पर खड़ी कर एक मित्र के साथ जसीडीह स्थित एक मंदिर पूजा का प्रसाद खाने गया था। उस दौरान वही दोनों व्यक्ति भी साथ थे, जिनसे पहले विवाद हुआ था। देर शाम वे दोनों घर लौट आए, लेकिन लड्डू वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि पूजा के बाद वह करीब चार बजे अकेले घर के लिए निकल गया था। देर रात तक लड्डू के घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई और रिश्तेदारों व परिचितों के यहां खोजबीन शुरू की गई। बुधवार सुबह गांव के ही एक व्यक्ति ने फोन कर मानिकपुर झाड़ी में शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान लड्डू यादव के रूप में की।

पिता का आरोप है कि गांव के ही उन्हीं दो व्यक्तियों ने पुरानी रंजिश को लेकर साजिशन उनके पुत्र की हत्या की है। इधर, पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। जसीडीह थाना पुलिस के अनुसार मृतक के पिता के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर गंभीरता से छानबीन की जा रही है।

## नगर निगम चुनाव : निर्वाचन कार्यालय में एक साथ दिखे मेयर प्रत्याशी सूरज झा और बाबा बलियासे

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में उस समय दिलचस्प नज़ारा देखने को मिला,जब मेयर पद के दो प्रमुख प्रत्याशी सूरज झा और बाबा बलियासे एक साथ मौजूद दिखाई दिए। दोनों प्रत्याशियों की एक ही स्थान पर मौजूदगी ने न केवल चुनावी चर्चाओं को और तेज कर दिया, बल्कि आम लोगों और राजनीतिक हलकों में भी खासा ध्यान आकर्षित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों प्रत्याशी अपने-अपने चुनावी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए निर्वाचन कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान दोनों के समर्थक भी मौके पर मौजूद रहे। हालांकि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद दोनों प्रत्याशियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। कुछ देर तक दोनों प्रत्याशी आपस में बातचीत करते भी नजर आए, जिसे लोग चुनावी शिष्टाचार और लोकतांत्रिक परंपरा का सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। सूरज झा और बाबा बलियासे दोनों ही अपने-अपने समर्थकों के बीच सक्रिय

जनसंपर्क में जुटे हुए हैं और विकास, पारदर्शिता एवं बेहतर नगर व्यवस्था को चुनावी मुद्दा बना रहे हैं। निर्वाचन कार्यालय में दोनों प्रत्याशियों की एक साथ उपस्थिति ने यह साफ कर दिया है कि देवघर नगर निगम चुनाव इस बार बेहद रोचक और कड़ा होने वाला है। सादगी के लिए सूरज झा जाने जाते हैं।

## चित्रकला में चयनित छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर आयोजित प्रांत स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में बहन प्रेरणा प्रिया, निबंध प्रतियोगिता में भैया रोशन कुमार एवं बहन नूपुर कुमारी ने प्रांत स्तर पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं प्रतिभा चयन एवं खोज की मुख्य परीक्षा में प्रांत में स्थान प्राप्त करने वाले अष्टम वर्ग के छात्र भैया दिव्यांशु तिवारी को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

## नगर निगम चुनाव : वार्ड 27 से प्रियंका देवी ने दाखिल किया नामांकन

### निजी आवास से समाहरणालय तक निकली आशीर्वाद यात्रा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर निगम चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के तहत अंतिम दिन वार्ड संख्या 27 से प्रियंका देवी ने पार्षद पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पूर्व वार्ड 27 के करणीबाग स्थित निजी आवास से आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कुंडा मोड़, चरकी पहाड़ी, बंधा होते हुए समाहरणालय पहुंची। यात्रा में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं और समर्थकों की भागीदारी देखी गई। इसके बाद समाहरणालय पहुंचकर प्रियंका देवी ने विधिवत रूप से नामांकन प्रक्रिया पूरी की। नामांकन के पश्चात प्रियंका देवी ने कहा कि वे वार्ड 27 के नागरिकों के बीच रहकर जनसमस्याओं से परिचित हैं। उन्होंने बताया कि यदि जनता ने उन्हें प्रतिनिधि चुना, तो वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि वार्ड में पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाते हुए नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। आशीर्वाद यात्रा और नामांकन के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, अलग-अलग दलों के नेता और बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के कारण क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां तेज और माहौल सक्रिय नजर आया।

## आजसू ने वार्ड 18 से निर्दलीय प्रत्याशी अभिजीत सिंह को दिया समर्थन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर निगम चुनाव के मद्देनज़र आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सह देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने वार्ड संख्या 18 से निर्दलीय प्रत्याशी अभिजीत सिंह को पूर्ण रूप से समर्थन देने की घोषणा की। इस ऐलान से वार्ड 18 के राजनीतिक समीकरणों में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर आदर्श लक्ष्य ने कहा कि अभिजीत सिंह एक शिक्षित,कर्मठ और जमीनी स्तर से जुड़े जनप्रतिनिधि हैं,जिन्होंने हमेशा समाजहित और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि वार्ड 18 की जनता लंबे समय से साफ-सफाई,जलापूर्ति,सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है,जिनके समाधान के लिए एक ईमानदार और संघर्षशील नेतृत्व की जरूरत है। अभिजीत सिंह इन सभी कसौटियों पर खरे उतरते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आजसू पार्टी का उद्देश्य हमेशा आम जनता के हितों की रक्षा और स्थानीय स्तर

पर सशक्त नेतृत्व को आगे बढ़ाना रहा है। इसी उद्देश्य से वार्ड 18 में एक योग्य और लोकप्रिय उम्मीदवार को समर्थन दिया गया है। आदर्श लक्ष्य ने मतदाताओं से अपील की कि वे भारी मतों से अभिजीत सिंह को विजयी बनाकर विकास और सुशासन की दिशा में मजबूत कदम उठाएं। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने अभिजीत सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर विजय प्रताप सनातन,संजीव कुमार सिंह,अंजन महथा,प्रतीक सिंह, नीलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक,युवा, समाजसेवी एवं आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नगड़ौ में सरकारी तालाब जीर्णोद्धार कार्य का सारठ विधायक उदयशंकर सिंह ने किया शिलान्यास

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** सारठ प्रखंड के ग्राम नगड़ौ, पंचायत बगडबरा में सरकारी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सारठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक उदयशंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने विधिवत रूप से योजना का शुभारंभ किया।

यह योजना कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अंतर्गत भूमि संरक्षण विभाग देवघर द्वारा संचालित की जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार योजना संख्या

15/2025-26 के तहत तालाब जीर्णोद्धार के लिए कुल 17 लाख 26 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें 10 प्रतिशत यानी 1 लाख 72 हजार 600 रुपये कृषक अंशदान के रूप में तथा 90 प्रतिशत यानी 15 लाख 53 हजार 400 रुपये सरकारी अंशदान के रूप में खर्च किए जाएंगे। योजना का क्रियान्वयन पानी पंचायत नगड़ौ के माध्यम से किया जाएगा।

मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण बेहद जरूरी है। तालाबों के जीर्णोद्धार से न सिर्फ किसानों को लाभ होगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी मजबूत होगा। कार्यक्रम के अंत में विभागीय पदाधिकारियों ने कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने की बात कही।

## सेक्शुअल हैरासमेंट इलेक्ट्रॉनिक मोबाइल एप्लिकेशन का उद्घाटन

**मधुपुर/आसनसोल ।** कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा, गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने एक सराहनीय और प्रगतिशील कदम उठाया है। मंडल द्वारा विकसित SHE (सेक्शुअल हैरासमेंट इलेक्ट्रॉनिक) मोबाइल एप्लिकेशन का विधिवत उद्घाटन कर इसका क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया। यह पहल महिला कर्मचारियों को सुरक्षित, गोपनीय और सशक्त मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। रेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार यह मोबाइल एप्लिकेशन कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के गोपनीय, पारदर्शी और समयबद्ध निवारण के लिए एक उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। सी ऐप के माध्यम से महिला कर्मचारी कहीं से भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं, शिकायत की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सकती हैं तथा संबंधित संस्थागत सहायता से सीधे जुड़ सकती हैं। इससे न केवल शिकायत प्रक्रिया सरल हुई है, बल्कि विश्वास, जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में प्रवीन कुमार प्रेम, अपर मंडलीय रेल प्रबंधक, सुश्री बबल यादव, वरिष्ठ मंडलीय कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी एवं डॉ. रजनी सिन्हा, वरिष्ठ मंडलीय चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक राकेश कुमार पहुंचे मधुपुर, चुनावी तैयारियों का लिया जायज़ा

**मधुपुर ।** नगर परिषद चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार बुधवार को करीब एक बजे मधुपुर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही चुनावी प्रशासनिक गतिविधियों में तेज़ी देखने को मिली। प्रेक्षक के पहुंचते ही संबंधित विभागों के अधिकारी सतर्क नजर आए। सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार ने अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अब तक हुई नामांकन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था तथा चुनाव से जुड़ी अन्य तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने निर्वाची पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों से मतदाता सूची की अद्यतन स्थिति, नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, निर्वाची पदाधिकारी अमर प्रसाद, यामुन रविदास, विनय पांडेय सहित अन्य प्रशासनिक एवं चुनावी अधिकारी उपस्थित थे।

## शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में मनाई गई शब-ए-बरात

**मधुपुर ।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शब-ए-बरात को बड़ी ही अकीदत, एहतराम और इबादत के साथ मनाया। इस पाक मौके पर शहर और आसपास के गांवों की मस्जिदों में पूरी रात इबादत, नमाज़, कुरआन की तिलावत और दुआओं का सिलसिला जारी रहा। शहर के बावन बीघा, बाजार मोहल्ला स्थित पीर साहब की मस्जिद, चांदमारी, पनाह कोला, कमरमंजिल, खलासी मोहल्ला, मदीना, लखना, बेलपाड़ा, नबी बक्स, भेड़वा, पटवाबाद, फत्तेपुर, लालगढ़ सहित विभिन्न मोहल्लों और गांवों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग देर रात तक इबादत में मशगूल रहे। वहीं महिलाओं ने अपने-अपने घरों में इबादत कर बुजुर्गों एवं दिवंगत परिजनों के लिए फातिहा पढ़ी। इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की 15वीं रात को शब-ए-बरात के रूप में मनाया जाता है। इस रात को फजीलत और रहमत की रात माना जाता है, जिसमें अल्लाह तआला की खास रहमत अपने बंदों पर बरसती है। शब-ए-बरात दो शब्दों से मिलकर बना है 'शब' अर्थात रात और 'बरात' यानी बरी होना, अर्थात गुनाहों से माफी की रात। थाना रोड स्थित पीर साहब मस्जिद के इमाम अल्लामा मौलाना परवेज़ मिस्बाही ने बताया कि शब-ए-बरात एक पाक और मुकद्दस रात है। इस रात अल्लाह तआला अपने बंदों की दुआएं कबूल करते हैं और गुनाहों की माफी अता करते हैं। इसीलिए लोग पूरी रात जागकर नमाज़, तिलावत, दुआ और फातिहा में लगे रहते हैं।

## अंचल पुलिस निरीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से दर्ज मामलों की जानकारी ली

**मधुपुर ।** मधुपुर थाना परिसर स्थित अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय कक्ष में बुधवार को अंचल पुलिस निरीक्षक राउतू होनहांगा की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचल क्षेत्र के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई और लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। अंचल पुलिस निरीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र में दर्ज मामलों की अद्यतन जानकारी ली और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध कारोबार पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज की जाए। इसके साथ ही साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाने और तकनीकी समन्वय को मजबूत करने का निर्देश दिया। बैठक में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नियमित गश्ती, सूचना तंत्र को सक्रिय रखने तथा आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। अंचल पुलिस निरीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी थानों को निर्धारित समयसीमा में परिणाम देने होंगे। इस अवसर पर बुढ़ेई थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पाथरोल थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिलुंग, महिला थाना प्रभारी ललिता कुजुर एवं करौं थाना प्रभारी दीपक किशोर भारती सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

## सूरज झा ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** नगर निगम चुनाव में मेयर पद के प्रत्याशी सूरज झा ने बुधवार को पेड़ा गली स्थित सनवेल बाजार में अपने चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के साथ ही उनकी चुनावी मुहिम को नई दिशा और गति मिली है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिनमें खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यालय उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में सूरज झा ने कहा, ÷मैं फिर कह रहा हूं, यह कार्यालय सिर्फ एक दफ्तर नहीं, बल्कि देवघर के हर नागरिक की आशाओं और अपेक्षाओं का केंद्र है।÷ उन्होंने पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुख नगर निगम के निर्माण का संकल्प दोहराया। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकताओं में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, सड़कों का सुधार, नालियों की समस्या का समाधान, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना शामिल है। गौरतलब है कि चुनावी घोषणा से पहले ही सूरज झा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और बाजारों में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में भी टीम के सदस्य घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और सुझाव एकत्र कर रहे हैं।

## अध्यक्ष पद के लिए कुल 30 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किया

संवाददाता

साहिबगंज - नगर पालिका आम निर्वाचन-2026 के अंतर्गत साहिबगंज जिला स्थित साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र अंतिम दिन बुधवार को दाखिल किया.मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए साहिबगंज नगर परिषद के लिए 18 अभ्यर्थियों ने,राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 06 अभ्यर्थियों ने एवं बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 06 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है. नगर परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों की नाम की सूची इस प्रकार है

साहिबगंज नगर परिषद अध्यक्ष पद

अशोक कुमार तुरी
रामनाथ पासवान
कपिल देव दास
दिनेश कुमार पासवान
संजय रविदास
मनोज कुमार पासवान
दारा पासवान
रविंद्र कुमार पासवान
पंकज रजक
अंकित कुमार पासवान
मनोज पासवान
रोहित कुमार रविदास
प्रदीप कुमार पासवान
प्रमोद कुमार पासवान
अमृत कुमार रजक
अनूप लाल हरी
रामकुमार पासवान
विनोद कुमार चौधरी
महेंद्र पासवान

राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष पद

भावना गुप्ता
मोहम्मद मखदुम शेख
केताबुद्दीन शेख
माधवी लता मंडल
मोहम्मद गुलाम सरवर
मोहम्मद जियाउल अंसारी

बरहरवा नगर पंचायत अध्यक्ष पद

ललिता देवी
मिनती सरकार
मीनाक्षी कुमारी
रफत निसार
बबीता कुमारी
अर्पिता दास

## शॉकपिट के पानी मे डूबने से बच्चे की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़) बुधवार को गोविंदपुर गांव में घर निकट बनाये गए शॉकपिट की पानी मे डूबने से विकास पण्डित के एकमात्र पुत्र डेढ़ वर्षीय केशव पण्डित की मौत हो गई। पीड़ित परिवार के घर निकट अपने स्तर पर एक कच्चा शॉकपिट बनाया हुआ है। जो करीब डेढ़ फीट गहरी है। जिसमे घरो की गंदी पानी का जमाव रहता है। नन्हा बच्चा आहिस्ता आहिस्ता चल फिर रहा था। सुबह करीब 10 बजे बच्चे की मां प्रीति कुमार घर के आंगन में काम कर रही थी , वही बच्चा आंगन में खेल रहा था। इस बीच बच्चा चलते चलते कच्ची शॉकपिट में जा गिरा। जो घर के लोग जान नही पाया। पड़ोसी द्वारा शॉकपिट में बच्चे को गिरा देख तुरन्त उसके मां को सूचना दिया। स्वजनों द्वारा बच्चे को पानी से निकालकर आननफानन में इलाज के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई। बच्चे के पिता ने बताया कि वह हिरणपुर बाजार स्थित एक दुकान में मजदूरी करने गया था कि घर निकट बनाये गए कच्ची शॉकपिट के पानी मे डूबने से बच्चे की मौत हो गई।

## चाचकी में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीनका स्वागत समारोह

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ ।ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी में शामिल हुए पाकुड़ के पूर्व विधायक अकिल अख्तर के स्वागत में पाकुड़ सदर प्रखंड के रुग्नंदनपुर उर्फ चाचकी में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा नेता अफीफ अमसल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।इस अवसर पर पूर्व विधायक सह नेता अकिल अख्तर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे और जनता की आवाज को पूरी मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री लंबे समय से जनता को गुमराह कर वोट लेते आ रहे हैं और उन्होंने कभी पाकुड़ की भलाई के लिए ईमानदारी से काम नहीं किया।अकिल अख्तर ने कहा कि अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने पाकुड़ के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया था। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे तीन अलग-अलग राजनीतिक दलों में रहे, लेकिन वहां दबे-कुचले और कमजोर वर्गों की आवाज को महत्व नहीं दिया गया। इसी कारण उन्होंने उन दलों को छोड़ने का निर्णय लिया।उन्होंने [illegible] में शामिल होने का कारण बताते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के संघर्षशील नेतृत्व और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की शैली से वे प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी संसद में अकेले दम पर जनता की आवाज बुलंद करते हैं और वे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं तथा वंचित वर्गों के मुद्दों को ओवैसी के माध्यम से संसद तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## नामांकन कार्यो का डीसी ने औचक निरीक्षण किया

**पाकुड़।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारु आयोजन को लेकर सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका चुनाव) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय में चल रहे नाम निर्देशन कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) ने पाकुड़ नगर परिषद अंतर्गत अध्यक्ष पद हेतु नियुक्त निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के लिए नियुक्त निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय कक्षों का भी अवलोकन कर नाम निर्देशन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री, नामांकन प्रक्रिया, अभ्यर्थियों की सुविधा व्यवस्था तथा निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी निर्वाची एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य की सतत एवं सूक्ष्म निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि या लापरवाही की कोई संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा निर्गत सभी दिशा- निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए ही निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कोषांगों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। से जुड़े कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया।

## महाशिवरात्रि व मेला की तैयारी को लेकर शिवगादी धाम प्रबंध समिति की बैठक



बरहेट- शिवगादी धाम मंदिर परिसर में आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पूजा-अर्चना एवं तीन दिवसीय मेला के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर शिवगादी प्रबंध समिति की बैठक बुधवार को समिति के अध्यक्ष रूपक साह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवगादी धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई. श्रद्धालुओं के आवागमन, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही मंदिर के गर्भगृह में श्रद्धालुओं को सुगम रूप से प्रवेश एवं पूजा-अर्चना की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती पर भी चर्चा हुई.इसके अलावे मेला आयोजन के दौरान मंदिर परिसर की साज-सज्जा, विभिन्न दुकानों के व्यवस्थित रूप से संचालन एवं स्थान निर्धारण तथा आम लोगों की सुविधा को लेकर समिति सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे.बैठक में प्रबंध समिति के सदस्य विपिन गुप्ता, लड्डू भगत, चंद्रशेखर शाह, शुभेंदु वर्धन, श्याम सुंदर पंडित, चिन्मय लहरी भगत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

# नगर निकाय चुनाव : अंतिम दिन 11 अध्यक्ष पद सहित 88 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को साहिबगंज जिले के साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष व वार्ड पार्षद पद हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक नामांकन किया गया.मिली जानकारी के अनुसार अंतिम दिन साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए कुल 11 अभ्यर्थी सहित 88 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया. मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को साहिबगंज नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र पासवान,विनोद कुमार चौधरी, अमृत कुमार रजक, अनूप लाल हरि व रामू पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया.वही वार्ड नम्बर 1 से 28 वार्ड पार्षद के लिए अंतिम दिन 38 अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल किया.

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न पदों के लिए नामांकन जमा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई.जिला समाहरणालय में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात थे

नामांकन पत्र दाखिल करने की सूची इस प्रकार है

साहिबगंज नगर परिषद

=============

अध्यक्ष पद के लिए-05

वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -07

वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -11

वार्ड पार्षद पदके लिए वार्ड संख्या 15 से 21 के लिए -07

* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 22 से 28 के लिए -13

नगर पंचायत राजमहल

=============

* अध्यक्ष पद के लिए -03

* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -07

* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -03

नगर पंचायत बरहरवा

=============

* अध्यक्ष पद के लिए -03

* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 01 से 07 के लिए -12

* वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या 08 से 14 के लिए -17

## सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज-मॉडल कॉलेज राजमहल में बुधवार को सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी देना था. कार्यशाला एनएएचआई,इंडियन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड एवं मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई.कार्यक्रम का शुभारंभ महान स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हु मुर्मू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया.इसके पश्चात प्राचार्य ने

अतिथियों का पारंपरिक तरीके से अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया.कार्यक्रम की शुरुआत में एनएएचआई के मैनेजर अनुराग गुप्ता ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है. हमें स्वयं सुरक्षित रहना है और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करना है.इसके बाद सड़क सुरक्षा लेखा परीक्षक मिलिंद जांबले ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा, सड़क संकेतों तथा दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों का विस्तार से और क्लींज अत्यंत रोचक ढंग से वर्णन किया. उनकी प्रस्तुति को विद्यार्थियों ने बड़े ध्यान से सुना और सराहा.कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सवाल पूछे.

## बोरियो में ऑटो पलटा, परीक्षा देकर लौट रही आठ छात्रा घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बोरियो- बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के समीप बुधवार को ऑटो पलटने से बंदरकोला स्कूल की आठ छात्राएं घायल हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार बंदरकोला स्कूल की छात्राएं साहिबगंज संध्या महाविद्यालय से दसवीं बोर्ड का परीक्षा देकर ऑटो से वापस बंदरकोला स्कूल लौट रही थी. इसी दौरान गलत रूट से हाईवा आ जाने से ऑटो असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. जिससे ऑटो में सवार देवी पहाड़िन उम्र 15 वर्ष, रूथ मालतो उम्र 15 वर्ष, मेसी पहाड़िन उम्र 15 वर्ष, अंजली मालतो उम्र 15 वर्ष, सुरज मुनि पहाड़िन उम्र 15 वर्ष, बामनी पहाड़िन उम्र 15 वर्ष घायल हो गयी.हुई दुर्घटना के बाद सभी घायल छात्राओं को ईलाज के लिए सामुदायिक केंद्र बोरियों में भर्ती कराया गया. जहां डॉ रोहित कुमार गौंड ने सभी घायलों का ईलाज किया. वही गंभीर रूप से घायल छः छात्रा का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया. वही घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

# बरहरवा में बदहाल सफाई व्यवस्था बना बड़ा चुनावी मुद्दा कुरल पाड़ा से लेकर फरक्का रोड तक गंदगी का अंबार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

बरहरवा - नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बदहाली अब नगर पंचायत चुनाव में एक बड़ा और अहम चुनावी मुद्दा बनकर सामने आ रही है. वार्ड पांच अंतर्गत कुरल पाड़ा ग्राम हो या फिर बरहरवा-फरक्का मुख्य सड़क पर हाई स्कूल मोड़ के पास का इलाका हर जगह फैली गंदगी और कचरे के ढेर ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.कुरल पाड़ा ग्राम में गलियों और रास्तों पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है. नालियां जाम हैं. गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है. और पूरे इलाके में बदबू फैली हुई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो नियमित कचरा उठाव हो रहा है और न ही नालियों की सफाई. मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डायरिया, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है. वहीं दूसरी ओर बरहरवा-फरक्का रोड पर हाई स्कूल मोड़ के समीप नगर पंचायत बरहरवा द्वारा सड़क किनारे खुलेआम कचरा डंप किया जा रहा है. तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि सड़क के किनारे दूर तक कचरा फैला हुआ है. जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर से निकलने वाला घरेलू कचरा ही नहीं.बल्कि मृत पशुओं कि अपशिष्ट को भी यहीं लाकर फेंक दिया जाता है. जिससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा और बढ़ जाता है.कचरे में आग लगाए जाने से उठने वाला धुआं सड़क पर फैल जाता है. जिससे दृश्यता कम हो जाती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. यह मार्ग व्यस्त होने के कारण स्कूली बच्चों,

मजदूरों और आम यात्रियों को रोजाना इस परेशानी से गुजरना पड़ता है. चुनाव नजदीक आते ही नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर जनता का गुस्सा साफ नजर आने लगा है. लोगों का कहना है कि हर चुनाव में स्वच्छता और विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं. लेकिन जमीनी हकीकत में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं. अब मतदाता साफ कह रहे हैं कि इस बार वोट उसी को मिलेगा. जो सफाई और कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता में रखकर ठोस और स्थायी समाधान करेगा. स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि कुरल पाड़ा सहित पूरे नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए. सड़क किनारे कचरा डंपिंग तुरंत बंद हो और वैज्ञानिक तरीके से कचरा निस्तारण की व्यवस्था की जाए. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए. तो इसका सीधा असर आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा.

## मारपीट कर हत्या करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते दिन सूचना प्राप्त हुई कि राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी भट्ठा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो में मार पीट की घटना हुई थी. जिसमें जख्मी कार्तिक मंडल पिता स्व राम मंडल की मृत्यु ईलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में हो गई. इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई. पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया. वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कर्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिकी अभियुक्त सुचिन घोष, तपन घोष, झकसु घोष तीनों पिता स्व तेनू घोष साकिन-कटहलबाड़ी भट्ठा थाना राधानगर जिला साहिबगंज को विधिवत गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में राधानगर थाना कांड संख्या 35/2026 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है. गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है. मौके पर राजमहल पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे सहित अन्य पुलिस प्रशासन उपस्थित थे.

## शांतिपूर्ण माहौल में चल रही मैट्रिक व इंटर की परीक्षा

मंडरो- झारखंड अधिविध परिषद द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 बुधवार प्रखंड क्षेत्र में बने दो परीक्षा केंद्र जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय मिर्जाचौकी व प्लस टु उच्च विद्यालय भगैया में आयोजित की गई. जिसमें प्रथम पाली में माध्यमिक परीक्षा हिंदी ए व हिंदी बी विषय की परीक्षा में कुल 368 परीक्षार्थियों में से 366 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया. जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.

## मैट्रिक व इंटर परीक्षा में 884 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

बोरियो- जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर कि परीक्षा बुधवार को परीक्षा केंद्र शिबू सोरेन जनजातीय इंटर कॉलेज बोरियो एवं प्लस टू आर के उच्च विद्यालय में दो पालियों में कदाचार मुक्त परीक्षा हुई. इस दौरान कुल 884 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हुए. इंटर कॉलेज के केंद्राधीक्षक डॉ. कुलेश ठाकुर ने बताया कि इंटर कॉलेज में मैट्रिक में हिंदी विषय में 321 परीक्षार्थी में से 2 अनुपस्थित थे. वही प्लस टू आर के हाई स्कूल में प्रथम पाली में मैट्रिक परीक्षा में 531 में 2 अनुपस्थित थे. वही द्वितीय पाली इंटर में इकोनॉमिक्स विषय की परीक्षा में 37 विद्यार्थी में 1 अनुपस्थित थे. इस मौके पर दंडाधिकारी राजेश्वरी प्रसाद सिन्हा, शुभम गुप्ता, अजीत कुमार, सहायक केंद्राधीक्षक बसीर अहमद, विक्षक विनोद पॉल मेहता, भोला कुमार जायसवाल, हेलेन मुर्मू, शरीफ अंसारी, अमरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे.


**मित्-बार ट्रेनको रेयाक् बिड़ाउ रूप रे तेंगोन**

सांगाड़ियाकोवाक् सुबिता लागित् ते लातार रे ओलाकान ट्रेनको दो ओना सामाङ रे मेनाक् स्टेशनको रे बिड़ाउ रूप रे लातार रे ओलाकान सोमोय-टेवान लेका रे तेंगोन कानाः

| ट्रेन सं. आर ञुतुम | स्टेशन | सेटेरो्कआ | लाड़ाकआ |
|---|---|---|---|
| 18182 थावे-टाटानगर एक्सप्रेस [माहित 29.01.2026(जीएसओ)हिलोक् खोन प्रभावी] | बराभूम | 04.10 | 04.11 |
| | बर्नपुर | 02.05 | 02.07 |
| 63520 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल पैसेंजर [माहित 31.01.2026 (जीसीओ) हिलोक् खोन प्रभावी, ] | बेगुनकोदर | 04.08 | 04.09 |
| | झालिदा | 04.12 | 04.13 |
| | पुनदाग | 03.46 | 03.47 |
| 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस [माहित 30.01.2026 (जेसीओ) हिलोक् खोन प्रभावी ] | बर्नपुर | 00.23 | 00.25 |
| 68061 आद्रा-आसनसोल पैसेंजर [माहित 31.01.2026 (जेसीओ) हिलोक् खोन प्रभावी, ] | मुराडी | 03.50 | 03.51 |

टिप्पणीः एटाक्आक् जोतो स्टेशनको रे नोवाको ट्रेन रेयाक् सोमोय-टेवान दो एनका गे ताहेंन।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे


## निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः डीसी

साहिबगंज - नगर पालिका आम निर्वाचन-2026 की विधिवत घोषणा के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हेमंत सती ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाएं जा रहे स्ट्रांग रूम एवं प्रस्तावित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान डीसी ने मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.डीसी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग एवं आवागमन व्यवस्था की समीक्षा की. साथ ही मतगणना के दिन सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति, पास प्रणाली, मीडिया कॉर्नर तथा मतगणना एजेंटों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.निरीक्षण के क्रम में डीसी ने यह भी कहा कि सभी तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं. ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे.मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

## डेटा एनालिटिक्स परियोजना पर कार्यशाला का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - स्वास्थ्य विभाग साहिबगंज एवं जेएसआई आर एंड टी इंडिया फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से साहेबगंज जिले में नियमित टीकाकरण डेटा गुणवत्ता एवं डेटा प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया. कार्यशाला में साहिबगंज जिले के टीकाकरण कार्यक्रम की प्रमुख प्राथमिकताओं,जीरो डोज बच्चों की पहचान एवं कवरेज सुनिश्चित करने की कार्ययोजना, तथा डेटा एनालिटिक्स परियोजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई.इस अवसर पर डेटा एनालिटिक्स परियोजना के अंतर्गत रणनीतिक हस्तक्षेपों, बेसलाइन असेसमेंट, नियमित मॉनिटरिंग, लाभार्थियों की ट्रैकिंग एवं सहभागिता, तथा रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया.साथ ही सत्रों की योजना बनाम आयोजित सत्र पूर्ण टीकाकरण प्राप्त बच्चों की स्थिति तथा सुधार के लिए आवश्यक प्रमुख संकेतकों को साझा किया गया.कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डेटा आधारित निर्णय लेने, सटीक रिपोर्टिंग तथा पारदर्शी निगरानी प्रणाली के महत्व से अवगत कराया गया. विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. जिससे क्षेत्र स्तर पर कार्यरत कर्मियों की क्षमता में वृद्धि हो सके.

## अर्पिता दास के नामांकन में समर्थकों की भीड़

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- नगर पंचायत आम चुनाव-2026 के तहत् बुधवार को बरहरवा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अर्पिता दास ने पूरे जोश और समर्थकों के के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. नामांकन के दौरान नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला.ढोल-नगाड़ों, नारों और समर्थकों की मौजूदगी ने इसे एक बड़े शक्ति प्रदर्शन का रूप दे दिया. प्रखंड कार्यालय तक पहुंचने के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे.जिससे नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके.नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में अर्पिता दास ने अपने इरादों को स्पष्ट शब्दों में रखा. उन्होंने कहा कि बरहरवा नगर पंचायत में वर्षों से कई विकास कार्य अधूरे पड़े हैं.जो जनता के लिए आज भी परेशानी का कारण बने हुए हैं. यदि जनता ने उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुना.तो उनकी पहली प्राथमिकता उन सभी अधूरे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना होगी. अर्पिता दास ने अपने बयान में यह भी कहा कि नगर पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है जब बुनियादी सुविधाओं पर ईमानदारी से काम किया जाएं. उन्होंने साफ शब्दों में कहा मेरा उद्देश्य केवल पद हासिल करना नहीं बल्कि बरहरवा को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित नगर बनाना है. सड़क, नाली, पेयजल, सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत जरूरतों को दुरुस्त करना मेरी प्राथमिकता रहेगी. नगर के हर वार्ड में समान विकास सुनिश्चित किया जाएगा और किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा.महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और नगर पंचायत को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप चलाया जाएगा.

## राजमहल में अंतिम दिन तीन अध्यक्ष और 10 पार्षद प्रत्याशियों ने किया नामांकन पर्चा दाखिल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** राजमहल -राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों एवं वार्ड पार्षदों के लिए 10 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. जबकि तीन अध्यक्ष प्रत्याशियों ने दूसरे सेट एवं 6 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों ने दूसरे सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया. अध्यक्ष पद के लिए 9 नजीर रशीद खरीदा गया जबकि 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. जिसमें भावना गुप्ता, केताबुद्दीन शेख, मो मखदूम शेख, माधवी लता मंडल, गुलाम सरवर ओर मो जियाउल अंसारी शामिल है. वही वार्ड सदस्यों के लिए 55 नजीर रशीद खरीदा गया. जबकि 48 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया गया. अंतिम दिन बुधवार को 6 वार्ड सदस्यों ने दूसरे सेट में एवं पहला सेट में 10 वार्ड सदस्यों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. जिसमें वार्ड नंबर एक से मो नजीर हुसैन, चंदा देवी, वार्ड नंबर 3 से भारती साहा, रितेश कुमार, वार्ड नंबर 4 से जहानूर बीवी, वार्ड नंबर 6 से ललिता देवी, वार्ड नंबर 7 से सूरज कुमार सुमन, वार्ड नंबर 8 से नकुल वर्मन, वार्ड नंबर 9 से मुकेश मंडल एवं वार्ड नंबर 11 से राजेश राय ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया.

## आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज ।** रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार एवं आरक्षी सुनील कुमार मुर्मू। के द्वारा बुधवार को महाराजपुर रेलवे स्टेशन के समीप जागरूकता अभियानचलाया गया.आरपीएफ ने मौजूद लोगों को जब गेट बंद रहे तो यातायात नहीं करने, ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने,रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने, रेल लाइन के किनारे जानवर नहीं चराने, चलती ट्रेन पर नहीं चढ़ने और नहीं उतरने, रेलवे सहायता टोल फ्री नंबर 139 एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी.मौके पर आरपीएफ के उप निरीक्षक सरोज कुमार , आरक्षी सुनील कुमार मुर्मू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

## बरहेट प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

बरहेट- बरहेट प्रखंड क्षेत्र के तीन अलग-अलग विद्यालयों में बनाएं गये परीक्षा केंद्रों में बुधवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. प्लस टू एसएसडी उच्च विद्यालय बरहेट, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचकठिया एवं उत्क्रमित राजकीय आदर्श कन्या उच्च विद्यालय बरहेट में परीक्षा आयोजित की गई.तीनों परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की हिंदी विषय की परीक्षा में कुल 1360 परीक्षार्थी शामिल हुए.जबकि 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. वहीं इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा केवल उत्क्रमित राजकीय आदर्श कन्या उच्च विद्यालय बरहेट में आयोजित हुई. जिसमें 36 परीक्षार्थी शामिल हुए. प्लस टू एसएसडी उच्च विद्यालय बरहेट में मैट्रिक परीक्षा में कुल 576 परीक्षार्थियों में से पांच अनुपस्थित रहे.

# लाइट इंडिया प्रोजेक्ट ते बाढ़ाक् काना का़मी आर कामाव रेयाक् ताक, हजारके हो़ड़को आमा टा़रनिंग

**खोबोरिया**

**गोड्डा।** अदाणी समूह रेयाक् आर मित् नावां पोंथा दो़ रोजगार ञामो़क् हो़रे आलगा आकादा। नित हा़बिच् जाहां अदाणी दो़ एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड ओड़ाक् ओड़ाक् मारसाल सेटेराको मिशन पोंथा रेय लागाव लेना, नितो़क् फिल्ड रे का़मीय जा़रूड़ी मैन पावर टा़रनिंग एमावाको होंय का़मीया। टा़रनिंग एमो़क् नोआ मिशन ञुतुम दो़ लाइट इंडिया प्रोजेक्ट काना। मो़तलो़ब भारत रौशनीमारसाल फायलाव रेयाक् परियोजना। नोआ टा़रनिंग प्रोग्राम दो़ झारखंड रेयाक् गोड्डा रे अदाणी पावर प्रोजेक्ट सोर रेगे एहो़प् आकादा।

**हजारके गो़टेच् जा़रूड़ो़क्आ**

नोआ मिशन तायो़म ते अदाणीयाक् मो़तलो़ब ओनको हो़ड़े टा़रनिंगकोआ, ओको़य दो़ दिसो़मभोर रे इलेक्ट्रिफिकेशन रेयाक् उसा़रा तेको का़मी दाड़ेयाक्। बिजली हा़टिञ ला़गित् आ़डी जा़रूड़ी का़मी ओना टॉवर लागाव रेयाक् काना, ओकादो़ हाईटेंशन ताकोआटेत्एत् काना। नोआ टावर लागाव ला़गित् खास लेकानाक् दाड़ेयाक् लेकमान रेयाक् जा़रूड़ ताहेंन काना। नोड़कान का़मीयको निहा़ली रे आ़डी कोम मेनाक्कोआ।

**गैंग रे होयोक् काना का़मी, मेनखान आ़डी को़म लेखा**

टावर लागाव का़मी रे ओका कौशल झुंक रेयाक् जा़रूड़ मेनाक्आ, निहा़ली ओना दो़ आ़डी को़म गेया। नोआ का़मी दो़ मित् खास दो़लको होतेते होयोक् काना, ओकादो़ गैंग मेनते मेतावाक् काना। मिमित् गैंग दो़ल रे 30-35 हो़ड़को ताहेंन काना। जो़तो़ते दिसा़मभोर रे नोआ का़मी रे मुटामुटी 18000-20000 हो़ड़ (600-500गैंग )लागावाकान मेनाक्कोआ। नोको हो़ड़ दो़ मित् प्रोजेक्ट खो़न दोसार प्रोजेक्ट रे का़मीय तुलुच् आयमा टोठा रेको सेनो़क् काना। टावरलागाव रेयाक् नोआ प्रोजेक्ट दो़ खेतको, जंगलबिरको, गाडाको, नालाको, राजहो़रको, चासो़क् जागाको एमानको सेच् ते पारो़मो़क् काना। जेमो़न जेमो़न का़मी लाहा चालाक् काना, गैंग रेन रा़सियाहों ओना हिसा़ब तेको बो़दो़ल इदिक् काना। पारो़मेन थोड़ा बो़छो़ररे पावर ट्रांस्मिशन सांव जोड़ाव इंफ्रास्ट्रक्चर बेनाव रे जो़बो़रदस्तरेस आकाना। नोआ ओ़जे ते मेनाक् मैन पावर नाकाफी साबितो़क् काना। निहा़ली तिना़क् हो़ड़ नोआ का़मी रेको लागाव आकाना जा़रूड़ो़क् मुटामुटी ओना खो़न बार गुना हो़ड़ाक् काना। को़म मैनपावर होयोक् ते आयमा प्रोजेक्ट सो़मो़य खो़न तायो़म चालाक् काना।

## झाड़फूक रेयाक् झा़ली रे लाझबाझावाकाना हुसिद दाड़े, वैज्ञानिक रान-मुरगा़न खो़न फाराक् रे हो़ड़

**दुमका।** झारखंड रेयाक् संताल परगना टोठा रे हों मानसिक स्वास्थ्य सांव जोड़ाव मुसकिलाक्को दो़ आंधापा़तियाउ सो़गे जोड़ाव कातेको ञेलेत् कना। झाड़फूक, ता़बीज आर टोटका एकानको तेको रानओचोक्कान हो़ड़ दो़ वैज्ञानिक रान-मुरगा़न खो़न होंय सा इदियेत्कोआ। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय रेन मनोविज्ञान विभाग रेनअसिस्टेंट प्रोफेसर सांवते नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ विनोद कुमारशर्मा होतेते खोंदरो़ंद आकान रे नोआ सो़दो़र आकाना जे बाङ दुदड़ुम, बो़तो़र बुझा़क्, आकबाक, आंदहाक्, आ़उझा़उ लेकान बिनसाजो़क् बेवहार लेकान पाछनाव दो़ हो़ड़ भूत, डा़न-डा़हिन आर सेदाक् दुल आकात्को काथाको मेतावाक् काना। बाडाय बाङ ताहेंन, रेंगेच् आर जागवार रेयाक् ओ़भाब खा़तिर ते लाहा दो़ सुनुम-साकाम ञेल ओचोयको चालाक् काना, ओनका रे ओका-ओका दो़ मुसकिल आ़डीतेत् गे ढेर इदिक् काना। डॉ शर्मा दो़य मेन केदा जे प्लेसबो प्रभाव खा़तिर ते आदो़म मामला रे थोड़ा घा़ड़िच्ला़गित्को मोंजो़क्कान गेया, ओनका रे आंधापा़तियाउ दो़ आरतेत्गे केटेजो़क् काना। हालिया बजट रे रांची रे निमहांस-2 थापनाय रेयाक् सारसादले दो़ मानसिक स्वास्थ्य रेयाक् टोठा रे माराङ का़मीको मेतावाक् काना। नोआ ते रान-मुरगा़न जा़सतीकायते सेटेरेरो़क्आ आर हो़ड़ दो़ वैज्ञानिक हुदिस दिड़होक् रेयाक् आस मेनाक्आ।

## सरयू राय दो़य कोल गो़त्कादा बाल विवाह मुक्ति रथ गा़डी

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिमी रेन विधायक सरयू राय दो़ बाल विवाह रोकाव पोंथा रे सोनारी रेयाक् आदर्श सेवा संस्थानाक् कुरूमुटू रेयाक् भूरि-भूरिय सारहाव आकादा। आयाक् बिष्टुपुर रे मेनाक् आवास कार्यालय खो़न बुधवार हिलोक् बाल विवाह मुक्ति रथ गा़डीहा़रिया़ड़ झांडीय तुलात् तायो़म उनीय मेन केदा जे बाल विवाह अपराधगेया। नोआ रोकाव ला़गित् आयमा का़नून बेनाव आकाना। नोआ का़नूनको रेयाक् फायदा तो़बे होयोक्आ, तिन रे हो़ड़को बाल विवाहबा़ड़िच्आक् बाबो़त रे ला़याकोआ। ला़ई केदाय जे संस्थानघाटशिला रे बाल विवाह मुक्ति रथ गा़डी ओडोको़क् काना, ओकादो़मिमित् हो़ड़ नोआ रेयाक् बा़ड़िच्आक् बाबो़त रेय ला़याकोआ आरे जागवारकोआ। सरयू राय दो़य ला़ई केदा जे नोआ मुक्ति रथ गा़डीसालाक् हो़ड़को बाल विवाह बाबो़त साहित्य हों एमावाकोआ। नोआ गोड़ों ते बाल विवाह बाबो़त रे हो़ड़को बाडाय दाड़ेयाक्आ, हो़ड़े जागवारकोआ।

## टी-20 विश्वकप रे अश्विनाक् रिकॉर्डकिन पारो़म दाड़ेयाक्आ बुमराह आर अर्शदीप

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम दो़ पारो़मेन थोड़ा दिन रे ओका लेकानाक्को खिला़ड उदुक् आकादा। ओना ञेल तुलुच् टीम दो़ निया़ धाव टूर्नामेंट रे जिता़क् रेयाक् दावेदारको मानावेत् काना।भारतीय टीम रेन तेज गेंदबाजको जसप्रीत बुमराह आर अर्शदीप सिंह चेतान हों नोआ टूर्नामेंट रे जो़तो़कोवाक् नो़जो़र ताहेंना। नुकिन बानार गे नोआ टूर्नामेंट रे आ़डी जा़सती विकेट नावांरिकॉर्डकिन बेनाव दाड़ेयाक्आ। बुमराह आर अर्शदीपआक् खिला़डउदुग लाहा हों मो़ंज गे ताहेंयाकाना आर निया़ धाव हों नुकिन दो़नावां रिकॉर्डकिन बानाव दाड़ेयाक्आ। नुकिन ठेन निया़ धाव नामडाकस्पिनर आर अश्विनाक् आ़डी जा़सती 32 विकेट रिकॉर्ड तायो़म रेयाक्ओपसो़र काना। बुमराह दो़ नितो़क् धा़बिच् 5 टी-20 विश्व कप ए एनेच्आकाना आर टी-20 इतिहास रे भारत रेयाक् तेसार आ़डी जा़सती विकेट हातावित् गेंदबाज कानाय। अर्शदीप दो़ आ़डी जा़सती विकेट हातावकोवाक् सूची रे जो़तो़ते 22आक् ठा़ंव रे मेनाया, जाहांदो़ उनी सांवते न्यूजीलैंड रेन ईश सोढ़ी आर वेस्टइंडीज रेन ड्वेन ब्रावो हों सेलेत् मेनाया। सोर दिन गे न्यूजीलैंड खिलाफ सीरीज रे हों उनीयाक्प्रदर्शन आ़डी मो़ंज गे ताहेंयाकान ताहेंना। आर अश्विन दो़ पूर्वभारतीय अंतरराष्ट्रीय आर स्पिन गेंदबाजी रेन नामडाक रविचंद्रनअश्विनाक् ञुतुम आईसीसी टीम विश्वकप इतिहास रे आ़डी जा़सती विकेटहातावित् भारतीय गेंदबाज कानाय। बो़छो़र 2012 खो़न 2022 हा़बिच् टूर्नामेंट एनेच्इच् अश्विन दो़ 24 मैच रे 6.49 रेयाक् इकॉनमी ते 32 विकेटए दोहो़ आकादा। ओवरऑल रैंकिंग रे उनी दो़ मिचेल स्टार्कसालाक् मित् ते 13आक् ठा़ंव रे मेनाया।

## बेआ़ईनी लेका ते गितिलको गेमेरेत्कान ताहेंन पेया हाईवा आर बारया डंपरको साप् केदा

**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला रेयाक् चक्रधरपुर टोठा रे बेआ़ईनी गितिल गेमेरको बिरो़द रे कार्रवाई तुलुच् बालेमाहां हिलोक् ढेर ञिन्दा़सेच् बिना़ आ़ईनी गितिलको लेका ते गेमेरेत्कान ताहेंन पेया हाईवा आर बारया डंपर गा़डीको साप् केदा। नोआ कार्रवाई दो़चक्रधरपुर-सोनुआ आसो़ल सो़ड़ो़क रे होयेना, नोआ कार्रवाई तेबेआ़ईनी गितिल गेमेर हो़ड़ दो़को बो़तो़रेना। साप् आकात्को हाईवा गा़डी रेयाक् नंबर दो़ जेएच 06एल 3272, जेएच 05बीजेड 3932 आर ओडी 09ए 6361, नो़ते डंपर रेयाक् नंबर दो़ जेएच 05एफ 3261 आर जेएच 05वाई 1734 सेलेत् मेनाक्आ।

नोआ जो़तो़ गा़डी रे मोटामुटी 2500 सीएफ्टी गितिलको लादेवाकात् ताहेंना। अनुमंडल पदाधिकारी, पोड़ाहाट, चक्रधरपुराक् हुकुम रे नोआ कार्रवाई तायो़म जो़तो़ मो़ड़े गो़टेच् गा़डी दो़ चक्रधरपुर थाना छाटका रेको तेंगो आचोकेत्कोआ। प्रशासनिक अधिकारी दो़य ला़ई केदा जे गितिल गेमेरआर गा़डी रेयाक् कागो़च् जाँच दो़ तोंगे गेया। जाँच पुरा़उ तायो़मलाहा सेयाक् मामला रे कार्रवाई ला़गित् ते विभागको जिमा़वाया।

अधिकारी दो़य पुसटा़उ केदा जे बेआ़ईनी गेमेर आर बिना हुकुम ते गितिल गेमेरको दो़ बा़ञ इका़कोआ। प्रशासन दो़ नोआ हो़ंय मेन केदा जे बेआ़ईनी गितिल गेमेरको उपा़र रे कुड़पा़ड़ ला़गित् तेलाड़ावाना दो़ मित्ताला तोंगे गे ताहेंना।

## कुहड़ा़ ञुत रे आत् एना ताजमहल, तापमान को़मेन ते ढेर एना राबाङ

**खोबोरिया**

**लखनऊ।** आगरा रे फरवरी चान्दो दो़ जनवरी लेका ञेलो़क् काना। सा़गुनमाहां हिलोक् सेताक् शहर दो़ कुहड़ा़ धुंद रेयाक् चापो़ट रे ताहेंकाना, ओनाते ताजमहल दो़ कुहड़ा़ ञुत ते आत् उता़रेना। धुंद गे ञेलो़क्कान खा़तिर ते सो़ड़ो़कको रे गा़डी रेयाक् ता़पिस हों को़म एना आर हो़ड़ हों हिजुक्-सेनो़क् आ़डीको हा़रो़नेना। कुहड़ा़ सालाक् ते थोड़ा़गान सिसिरदाक् लेका राबाङबुझा़वेना आर राबाङ ढेरेना। सेताक् 9 बजे हा़बिच् खुप्ए कुहड़ा़वाकात् ताहेंकाना। नोआ खो़न लाहा बालेमाहां हिलोक् हों हालो़त दो़ नोड़का माछा गे ताहेंकाना। सेताक्आ़डी बेला हा़बिच् कुहड़ा ताहेंकाना आर ओना तायो़म सेरमा रे मांडराव बाड़ायकान ताहेंकाना। दिन रे थोड़ा घा़ड़िच् ला़गित्ए सेतोङकेदा, मेनखान रेयाड़ हो़य खा़तिर ते ओना रेयाक् असर दो़ आ़डीजा़सती बुझा़वेना। मौसम विज्ञान विभाग दो़ सेताक् खो़न गे कुहड़ा सेधुंद ताहेंन रेयाक् ओ़हमाय ला़ई लेदा। बालेमाहां हिलोक् तिकिन तायो़म थोड़ा घा़ड़िच् ला़गित्ए सेतोङ केदा, मेनखान रेयाड़ हो़यखा़तिर ते राबाङ दो़ बाङ को़म लेना। तापमान रेयाक् काथाम मेनाएन्डेखान अधिकतम तापमान दो़ 17.5 डिग्री सेल्सियस आर न्यूनतम दो़ 11.2डिग्री सेल्सियस दर्ज आकाना। मौसम विज्ञानी मो. दानिशाक् ला़ई लेकाते, पश्चिमी विक्षोभ रेयाक् प्रभाव दो़ बा़ई-बा़ई ते को़म इदिक्आ, ओनका रे दारायकान दिन रे मौसम दो़ साफाक् आर तापमान बो़दो़लो़क् रेयाक् आस मेनाक्आ।

## रांची: खादगढ़ा बस स्टैंड रे बस रे सेंगेल लाक्गाविच् दुसी अर्जुन भोकताको साप् केदेया पुलिस

**खोबोरिया**

**रांची।** रांची रेयाक् खादगढ़ा बस स्टैंड रे तुरूई गो़टेच् बस रे सेंगेल लागावेन रेयाक् मामला रे पुलिस दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् दुसी अर्जुन भोक्ताको साप् केदेया। दुसी दो़ सिकिदरी रेन ताहेंनो़क्इच् कानाय। उनी ठेन खो़न मित्टेन सा़ला़य रेयाक् डिब्बा आर मित्टेन लाइटरको ञाम केदा।

नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा दो़ खो़बो़रिया़को सो़गे गालामराव रेय ला़ई केदा जे पारो़मेन 1 फरवरी हिलोक् खादगढ़ा बस स्टैंड रे तेंगो ताहेंकान तुरूई गो़टेच् बस रे सेंगेल लागावेन रेयाक् घो़टना होय लेना। ओना तायो़म 2 फरवरी हिलोक् बस टर्मिनल सामाङ रे मित्टेन सिटी बस रे हों सेंगेल लागावेना, ओना दो़ सो़मो़य ताहेंन रे होंको इंड़िच् केदा।

पुलिस दो़ जांच ओ़कते सीसीटीवी फुटेजको ञेल केदा। फुटेज रे सेंगेल लागाक् खो़न लाहा रे मित्टेन गिदधा़वान हो़ड़ दो़ ती रेकिचरिच् साप् काते बस रे देजो़क्को ञेल केदेया। ओना तायो़म तुरंत गे बस गा़डी दो़ धुवा़ंक् सालाक् ते जोलो़क् लागावेना। नोआलेका रे 1 फरवरी रेयाक् घटना फुटेज दो़ दोड़हा तेको जांचकेदा, ओना रेको ञाम केदा जे उनी हो़ड़ दो़ पा़हिल दो़ बस ठेनसेंगेल लागाक् खो़न थोड़ा मिनट लाहा गेय पारो़मेन लेना। दिगधा़राकाप्आत्को लेका रे पुलिस दो़ दुसी अर्जुन भोक्ताको घेरावआ़चुर केदेया आरको साप् केदेया आर उनी मो़ंज तेको पूछताछेदे काना।

## 50 खो़न जा़सती आतो रेन हो़ड़ मा़इला़ बोडे दाक् ञुञू होयाको काना

**खोबोरिया**

**हापुड़ ।** मित् सेत् जाहां सरकार आतो आतो स्वास्थ्य सुबिताको सेटेराको रेयाक्ए दा़बीयेत् काना, नोते उत्तर प्रदेश रेयाक् हापुड़ जिला रेयाक् 50 खो़न जा़सती आतो रे तेहेञ हों मा़इला़ बोडे दाक् ञुञू होयाको काना। मीडिया रिपोर्ट लेकाते, आतोटोठा रेस्वास्थ्य सेवा आर जागवार बा़नुक्आ। रूवा़क् रे तिन धा़बिच् रूगीसो़हो़र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेको सेटेरो़क् काना, उन हा़बिच् ओनको हालो़त जा़सतीक् काना। पारो़मेन बार बो़छो़र खो़नजिला रे लो़लो़ रूवा़ फायलाव आकाना। आ़डी जा़सती रूगीको रेटाइफाइड ञाम एना, ओकादो़ मा़इला़ बोडे दाक् ञुई ते पासनाक्आक्गा़हिर रूवा़ काना। इना़ तायो़म जिला प्रशासन दो़ मिमित् ओड़ाक् रे साफा दाक् सेटेराको रेयाक्ए दा़बी केदा आर हर घर जल अभियानउसा़राय ला़गित्ए हुकुम लेदा, मेनखान सा़रीयाक् रे हालो़त नोडकागे मेनाक् आकादा। सोर दिनाक् जांच रे स्वास्थ्य विभाग दो़य ञाम केदा जे आतोहो़ड़ रे टायफाइड, हेपेटाइटिस आर चर्म रोग मामला लागातार बाढ़ाव चालाक् काना। आयमा आतो रे एकेन 20 फीट खा़ंदरी खो़न ओडोको़क् मा़इला़ बोडे दाक्को बेबो़हारेत् काना। मीडिया रिपोर्ट लेकाते आतो हो़ड़को ला़ई केदा जे आतो रे दाक् रेयाक् टीडीएस ता़री 1500 पारो़म चुका़उ आकाना आर 500 खो़न को़म टीडीएसआन दाक् गे ञुई लेक मानावक् काना। आयमा घारो़ंज रेन रानको ला़गित् जुमी हा़बिच् आ़खरिञ होयाकाना। स्वास्थ्य विभाग रेन डीएमओ दो़य ला़ई केदा जे आयमा आतो रे जांच काते मा़इला़ बोडे दाक् ञुई ते होयोक्आक् बीमारीको पुसटा़उ आकाना। दाक् रेयाक् गुनतेत् जांच होयोक् काना आर आतो टोठा रे चिकित्सा सुबिता बाढ़ाव सांवते साफा ञुईदाक् ला़गित् जागवार फायलाव रेयाक् योजना तेयार होयोक् काना।

## मैट्रिक हिन्दी आर इंटरमीडिएट इकोनॉमिक्स रेयाक् बिड़ा़उ दोसार दिन शांति मो़ंज माहौल रे होयेना

**खोबोरिया**

**रामगढ़।** झारखंड अधिविद्य परिषद जैक होतेते ओरामेन बुधवार हिलोक्दोसार दिन प्रखंड रे मैट्रिक हिन्दी आर इंटरमीडिएट इकोनॉमिक्स रेयाक् बिड़ा़उ शांतिसालाक् मो़ंज माहौल रे होय एना। बिड़ा़उ बार पा़ली रे होय एना। पा़हिल पा़ली रे सेताक् 09.45 बजे खो़न तिकिन 01.00 बजे हा़बिच् मैट्रिक बिड़ा़उ होय एना। दोसार पा़ली रे इंटरमीडिएट बिड़ा़उ दो़ 2 बजे खो़न 5.15 बजे हा़बिच् होय एना। मंगलवारहिलोक् प्रखंड रेयाक् वा़र्षिक माध्यमिक बिड़ा़उ ला़गित् 6 गो़टेच् आर इंटरमीडिएट बिड़ा़उ ला़गित् बारया बिड़ा़उ ओड़ाक् रे ओराम एना। मैट्रिक बिड़ा़उ रे प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ रे 346

गो़टेच्को हा़जिरेना आर 4 गो़टेच् दो़ बेहा़जिर। बालक मध्य विद्यालय रामगढ़ रे 168 गो़टेच्को हा़जिरेना। प्रभात तारा उच्च विद्यालय कांजवे रे 298 गो़टेच्को हा़जिरेना आर 2 बेहा़जिर। रानीसोनावती उच्च विद्यालय नोनीहाट रे 341 गो़टेच्को हा़जिरेना आर 1 बेहा़जिर। उ उच्च विद्यालय हाट ग हरिया रे 154 हा़जिरेना। मॉडल स्कूल रामगढ़ ठाडीहाट कुसियाम रे 521 हा़जिरेनाको आर 1 बेहा़जिर। जो़तो़ते 1828 गिदरा़ दो़ दोसार दिन हिन्दी बिषय रेयाक् बिड़ा़उको एम केदा। नोतेइंटरमीडिएट बिड़ा़उ रे प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ रे 16 गो़टेच्को हा़जिरेना आर बालक मध्य विद्यालय रामगढ़ रे 4 हा़जिरेना। जो़तो़ते 20 गो़टेच्को सेलेत् एना। पा़ठवा़को ला़ईकेदा जे जो़तो़ कुकली दो़ सिलबस भिता़र खो़न हेच् एना। ओनाइया़तेजाहांन असुबिता दो़ बाङ होय लेना। परीक्षा केंद्र रे दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी घालो़क् पुलिसकोको ञेल एना। मो़ंज ते होय ओचोय रे सीसीटीवी फुटेज ते बिड़ा़उ केंद्रको मॉनीटरींग केदा।

## अमेरिकी टैरिफ को़मेन ते मेड इन इंडिया रेयाक् बेपार दो़ ढेरो़क्आ

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** भारत आर अमेरिका ताला रे बेपारी ला़गित् ते मित्टेन माराङ डिप्लोमैटिक जितका़र होयेना। अमेरिकी रेन राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप दो़ माराङमंत्री नरेंद्र मोदी सलाक् ते टेलीफोन रे होयेन मो़ज गापालमाराव तायो़म भारत रे लागाव लेत् टैरिफ बिजनेस टैक्स दो़ को़म ला़गित् ते नागामिया़ फायसलाये हाताव केदा। नोआ एग्रेमेंट लेकाते अमेरिका दो़ नित भारतीय जिनिस रे लागाव लेत् 25 प्रतिशत दो़नित को़म कातेत् 18 प्रतिशत होयेना। नोआ फायसला दो़ ओड़कान सो़मो़यरे हेच् एना तिन रे भारत दो़ ओना दिसा़म लिस्ट रे सेलेत्ए ताहेंकाना। नोआ इया़ ते अमेरिका दो़ जो़तो़ खो़न ढेर टैक्सबोन एमावायकान ताहेंना। माराङमंत्री नरेंद्र मोदी दो़ नोआ फायसला सारहाव तुलुच्ए मेन केदा जे मेड इन इंडिया आरजाव रे टैक्स को़मकातेत् 18 प्रतिशत होयेन भारतीय एक्सपोर्टर्सको ला़गित् ते रा़सका़ रेयाक् काथा काना। नोआ घाटावकेत् ते तायो़म नित वैश्विक बाजार रे भारतीयजिनिस रेयाक् ओ़बो़सता दो़ दक्षिण एशिया रेयाक् कंपेटिटिव दिसा़म लेकान पाकिस्तान आर बांग्लादेश बारबा़री रे ढेरे केटेच् केदा। नोआ रे हा़ली रे गे 19 आर 20 प्रतिशत टैरिफ चा़लूमेनाक्आ। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे रूस ठेन खो़न सुनुमहातावेत्कान खा़तिर ते सा़जा़ई लेका ते बा़ड़ती टैक्स खा़तिर तेबानार दिसा़म ताला रे बेपारी का़मी दो़ जिरा़उ लेन ताहेंना, नोआ ते नोआ एग्रेमेंट दो़ दो़ड़हा ते लाईन रेय आ़गू केदा। नोआ वार्ता दो़ उन हिलोक् होयेना जे तिन रे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर वॉशिंगटन डीसी दाड़ांने चालावाकाना। नावां टैरिफ चार्ट लेका ते नोण्डे कानाडा रे 35 प्रतिशत आर ब्राजील रे 50 प्रतिशत लेकान ढेर टैक्स चालू गे मेनाक्आ। जुदा़-जुदा़ दिसा़म रे ब्राजील 50, नाउरू 15, सीरीया 41, न्यूजीलैंड 15 लाओस 40, नाइजीरिया 15 मयांमार 40 उत्तरी मैसेडोनिया 15 कनाडा 35, नॉर्वे 15 ला़ई ते आयमा दिसा़म रे टैक्स चा़लु गे मेनाक्आ।



# दुमका नगर पालिका चुनाव : अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर दुमका जिले में चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। नगर पालिका आम निर्वाचन-2026 के तहत नगर परिषद दुमका एवं नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र में नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 जनवरी 2026 से लगातार जारी है।

इसी क्रम में बुधवार को नगर परिषद दुमका से अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद प्रसाद जायसवाल, रवि शंकर मंडल एवं तड़ित कुमार गोराई ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन स्थल पर समर्थकों की मौजूदगी से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

वहीं नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र से अध्यक्ष पद के लिए वनलता देवी एवं सुषमा देवी ने भी अपना नामांकन प्रस्तुत किया। लगातार हो रहे नामांकन से दोनों निकाय क्षेत्रों में चुनावी मुकाबला रोचक होता जा रहा है और प्रत्याशियों के बीच राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## बासुकीनाथ : अध्यक्ष के लिए दो और वार्ड के लिए 29 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

**जरमुंडी (संवाददाता)।** बासुकीनाथ नगर पंचायत निर्वाचन 2026 के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया के अंतिम दिन बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। जबकि वार्ड पार्षद पद के लिए, विभिन्न वार्डों से 29 अभ्यर्थियों ने अपना-अपना नामांकन का पर्चा भरा।

-----

**इन्होंने भरा पर्चा**

---

**अध्यक्ष पद के लिए**

----

सुषमा पंडा, पति सुबोध कुमार पंडा
एवं वनलता देवी, पति उमेश पंडा

----

**वार्ड पार्षद हेतु**

---

**वार्ड संख्या- 01**

---

परितोष कुमार, पिता चंद्रशेखर साह
राजेश कुमार गुप्ता, पिता गोपाल साह
राज किशोर गुप्ता, पिता जयनारायण साह

----

**वार्ड संख्या- 02**

---

विजय मंडल, पिता स्व गया मंडल
निवास मंडल , पिता अमृत मंडल
सुबोध मंडल , पिता गोभी मंडल
आलोक रंजन, पिता राजेंद्र प्रसाद राउत

---

**वार्ड संख्या -03**

----

संगीता देवी, पति मणिकांत मंडल
संदीप कुमार, पिता अनिल कुमार मंडल

---

**वार्ड संख्या --04**

---

किशोर कुणाल, पिता रामाशंकर राव
चंदन कुमार राव, पिता स्व सिधेश्वर राव

-----

**वार्ड संख्या- 05**
**बेबी देवी, पति मंटू राम**

----

**वार्ड संख्या 08**

----

मिथिलेश कुमार मिश्रा, पिता लालदेव मिश्रा
श्वेता मिश्रा, पति रमेश कुमार मिश्रा
रीना हेंब्रम, पति महादेव मुर्मू
सुनील कुमार हांसदा, पिता बुधराय हांसदा

----

**वार्ड संख्या 09**

---

रूपा देवी, पति स्व राजू यादव
बच्ची देवी, पति दिनेश पंडा
आरती देवी पति बबलू पुजहर

---

**वार्ड संख्या 10**

---

पूजा गुप्ता, पति सिद्धार्थ कुमार गुप्ता
नीरू देवी, पति दिलीप सिंह

----

**वार्ड संख्या 11**

----

जितेंद्र कुमार , पिता विजयकांत यादव
विनोद राय, पिता स्व हरि प्रसाद राय
मनीष देव सिंह, पिता जमुना प्रसाद सिंह राहुल कुमार, पिता सनाथ कुमार

----

**वार्ड संख्या 12**

----

सोनोदी हेंब्रम, पिता स्व बबलू हेंब्रम
शिवनाथ टुडू, पिता महालाल टुडू
महेंद्र सोरेन पिता नुनूलाल सोरेन
पावालु मरांडी, पति सोनालाल मुर्मू

## परीक्षा केंद्र बदलने के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने किया धरना-प्रदर्शन

**शिकारीपाड़ा (दुमका)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शिकारीपाड़ा इकाई ने बुधवार को महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। नगर मंत्री सूरज कुमार के नेतृत्व में एकजुट हुए छात्र-छात्राओं ने परीक्षा केंद्र को शिकारीपाड़ा महाविद्यालय से बदलकर डिग्री कॉलेज शिकारीपाड़ा सरसाजोल किए जाने के निर्णय पर गहरा आक्रोश जताया। सूरज कुमार ने बताया कि नया परीक्षा केंद्र प्रखंड मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर दूर है, जहां आवागमन के लिए बस या नियमित ऑटो की कोई सुविधा नहीं है। छात्रों को निजी वाहनों का भारी किराया देना पड़ेगा, जो आर्थिक रूप से उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिकारीपाड़ा में पुलिस बल और मेडिकल सुविधाएं मौजूद हैं, जबकि सरसाजोल में आपात स्थिति या स्वास्थ्य बिगड़ने पर कोई व्यवस्था नहीं है।

विशेषकर परीक्षा दे रही गर्भवती महिलाओं के लिए इतनी दूर जाना जोखिम भरा है। आरोप है कि यह निर्णय स्थानीय प्रशासन या कॉलेज से बिना किसी सलाह-मशविरे के लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि परीक्षा केंद्र पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन और तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर छात्र नेता शिवम कुमार भगत, विकास भगत, अनिमेष पाल, शोभा रजक, शीतल कुमारी सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हजारों की संपत्ति स्वाहा

**गोपीकांदर।** प्रखंड के सिलंगी मोड़ स्थित मंझराबाड़ी गांव में बुधवार सुबह अचानक आग लगने से एक परिवार को भारी नुकसान झेलना पड़ा। इस घटना में करीब 50 हजार रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित गृहस्वामी हाबील मियां और नूरसलाम अंसारी ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे जब पूरा परिवार आंगन में बैठकर बातचीत कर रहा था, तभी बंद कमरे से धुआं निकलता दिखाई दिया। आनन-फानन में जब घर का दरवाजा तोड़कर देखा गया, तो फ्रिज धू-धू कर जल रहा था। आग लगने का मुख्य कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद बिजली कनेक्शन काटकर और पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस आगलगी में एक फ्रीजर, एक साइकिल, चार सखुआ लकड़ी के चौखट, दरवाजे और घर में रखे कपड़े समेत अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया मरंगकुड़ी मरांडी को दे दी गई है।

## अवैध अतिक्रमण की मापी का कार्य शुरू

**रामगढ़ (दुमका)।** प्रखंड कार्यालय मार्ग रामगढ़ में सरकार की जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करने का कार्य स्थानीय प्रशासन द्वारा बुधवार को प्रारंभ किया गया।अंचल कर्मियों के अनुसार सडक के अतिक्रमण के कारण होने वाली परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी ने अंचल कर्मियों को अतिक्रमण क्षेत्र की मापी करने का निर्देश दिया था। प्रभारी अंचल निरीक्षक सागेन मुर्मू तथा नव नियुक्त अंचल निरीक्षक जागेश्वर मंडल के नेतृत्व में राजस्व उप निरीक्षकों तथा अंचल कर्मियों की टीम ने अमीन के साथ अतिक्रमण की मापी तथा उन्हें चिन्हित करने का कार्य शुरू किया। अंचल कर्मियों के अनुसार अतिक्रमण की मापी एवं उन्हें चिन्हित करने का कार्य गुरुवार को भी जारी रहेगा। इसके बाद अतिक्रमण कारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया जाएगा।आदेश का अनुपालन न करने पर अतिक्रमण हटाने में होने वाले खर्च की राशि भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण कारियों से वसूली जाएगी।

## घाटशिला विधायक ने बासुकीनाथ में की पूजा

**जरमुंडी।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने बुधवार को बाबा बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे और फौजदारी दरबार में हाजिरी लगाई। विधायक एवं उनके साथ आए समर्थकों को स्थानीय पंडा - पुरोहितों के द्वारा बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा अर्चना एवं वैदिक आरती कराई गई। पूजा अर्चना के उपरांत विधायक अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। इस मौके पर मंदिर से जुड़े कर्मी एवं बड़ी संख्या में झामुमो के स्थानीय नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अघोरी चंचलनाथ पहुंची बाबा बासुकीनाथ

**जरमुंडी।** प्रसिद्ध अघोरी चंचलनाथ, बुधवार को अपने शिष्यों के साथ बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार पहुंची और पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर बासुकीनाथ में उनके तीर्थ पुरोहित मुकेश झा व उज्जवल झा ने अपने 11 सदस्यीय सहयोगियों के साथ विधि- विधानपूर्वक से षोडशोपचार पूजन कराया। बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात साध्वी अघोरी को पुरोहितों ने माता पार्वती, माता काली, राजराजेश्वरी पीतांबरा बगलामुखी माता की पूजा अर्चना एवं वैदिक आरती कराई। इस मौके पर मंदिरकर्मी गौतम राव, कपिल पंडा, उदय मंडल, हवलदार अतुल कुमार मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़ (दुमका)।** रामगढ़- गुहिया जोरी मुख्य मार्ग पर अवस्थित महुबना बाजार में हुई बाइक दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है?। घायल महिला की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुबना पंचायत के जवारी ग्राम निवासी सोना लाल किस्कु की पत्नी 40 वर्षीया क्रिस्टीना मुर्मू के रूप में हुई है। क्रिस्टीना मुर्मू के पुत्र पतरास किस्कु के अनुसार उसकी मां क्रिस्टीना मुर्मू व्यक्तिगत कार्य से महुबना बाजार आई थी। काम पूरा होने के बाद घर लौटने के लिये वह शाम के लगभग चार बजे महुबना में सडक किनारे ऑटो की प्रतीक्षा कर रही थी। इसी बीच दुमका की तरफ से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के कारण महिला मोटरसाइकिल के साथ लगभग 15 फीट तक घिसटती चली गई। जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोट आई है।

## फूलो-झानो ब्लॉक बनेगा चुनावी शिकायतों का केंद्र, प्रेक्षक करेंगे सीधी सुनवाई

### कुन्दन और आलोक संभालेंगे चुनावी खर्च की निगरानी, सामान्य प्रेक्षक भी तैनात

**संवाददाता**

**दुमका।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड के निर्देश पर प्रेक्षक कोषांग द्वारा बुधवार को चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराना है।

जारी सूचना के अनुसार, दुमका नगर परिषद (वर्ग-ख) के लिए कुन्दन कुमार सिंह को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है, जबकि बासुकीनाथ नगर पंचायत के लिए आलोक चैतन्य चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये दोनों प्रेक्षक परिसदन, दुमका स्थित फूलो-झानो ब्लॉक के निर्धारित कक्षों में हर दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आम लोगों से मुलाकात के लिए उपलब्ध रहेंगे।

सामान्य प्रेक्षकों के तौर पर दुमका नगर परिषद (वर्ग-ख) के लिए धीरज कुमार सिंह और बासुकीनाथ नगर पंचायत के लिए रोशन कुमार साह की नियुक्ति की गई है। इनका संपर्क स्थल भी फूलो-झानो ब्लॉक में ही तय किया गया है। यहां निर्धारित समय पर पहुंचकर मतदाता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने सुझाव या शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

प्रशासन ने नगर निकाय क्षेत्रों के मतदाताओं, राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों से अपील की है कि वे चुनाव से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए जारी किए गए मोबाइल नंबरों अथवा निर्धारित समय पर प्रेक्षकों से सीधे संपर्क करें। इस व्यवस्था से चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रहेगी और जनता को अपनी बात सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का मौका मिलेगा।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**सरैयाहाट।** हंसडीहा देवघर नेशनल हाईवे 133 पर हंसडीहा थाना क्षेत्र में बुधवार की रात दो अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना बनहेती गांव के समीप घटी जहां दो बाईक की आमने सामने जोरदार टक्टर हो गई। इस हादसे में सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मंडलडीह निवासी अमरनाथ मंडल और हंसडीहा थाना क्षेत्र के लकड़ाटांड़ गांव निवासी सोम टुडु गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर मौके पर पहुंची हंसडीहा पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाईक सवार घायल

**सरैयाहाट।** हंसडीहा महगामा नेशनल हाईवे 133 स्थित हंसडीहा थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से बाईक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गोड्डा जिला अंतर्गत पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के बांझी निवासी फ्रांसिस किस्कू के रूप में हुई है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक का पैर टूटा

**रानीश्वर।** रघुनाथपुर-बारमसिया मुख्य पथ पर बोराडंगाल गांव के समीप एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, शिकारीपाड़ा प्रखंड के सरसाजोल निवासी 20 वर्षीय राजेश मंडल अपनी बाइक से रघुनाथपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने साइड देने के क्रम में उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का पैर बुरी तरह टूट गया और वह सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के सिउड़ी सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

## एसपी कॉलेज में केमिस्ट्री प्रैक्टिकल परीक्षा का निरीक्षण

**दुमका।** संताल परगना महाविद्यालय में बुधवार को यूजी सेमेस्टर 3 सत्र 2023-27 की केमिस्ट्री प्रैक्टिकल परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्राधीक्षक डॉ. के.पी. यादव ने बुधवार को केंद्र का औचक निरीक्षण कर पारदर्शिता और अनुशासन का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में डॉ. यादव ने प्रयोगशाला में उपलब्ध संसाधनों, रसायनों की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को प्रयोग के दौरान बीकर, बर्नर और फ्लास्क जैसे आवश्यक संसाधनों की कोई कमी न हो। साथ ही, उन्होंने प्रयोगशाला की साफ-सफाई और अग्नि सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की। केंद्राधीक्षक ने परीक्षा दे रहे छात्रों से सीधा संवाद कर उनसे सुविधाओं और समय प्रबंधन पर फीडबैक लिया। छात्रों ने परीक्षा के शांतिपूर्ण वातावरण और उपलब्ध कराई गई सामग्रियों पर संतोष व्यक्त किया। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर उन्होंने केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश सहाय, बाह्य परीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, आंतरिक परीक्षक डॉ. कुमार सौरभ और प्रयोगशाला सहायक गोपाल झा से चर्चा की। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक परीक्षाएं छात्रों के वैज्ञानिक कौशल को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। केंद्राधीक्षक ने मूल्यांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष और विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप रखने का निर्देश दिया। अंत में, परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मासिक गुरु गोष्ठी शिक्षा और योजनाओं की समीक्षा

**गोपीकांदर।** प्रखंड संसाधन केंद्र गोपीकांदर में प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक गुरु गोष्ठी सह बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला एफ.एल.एन कोऑर्डिनेटर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक दो पालियों में संपन्न हुई, जिसमें प्रखंड के विभिन्न संकुल क्षेत्रों के विद्यालयों के सचिवों ने भाग लिया। पहली पाली में मध्य विद्यालय आरीचुआं, कारीपहाड़ी, दुर्गापुर और कुशचिरा के प्रतिनिधि शामिल हुए, जबकि दूसरी पाली में कन्या मध्य विद्यालय गोपीकांदर, कोल्हा, छतरचुआं और दलदली संकुल के सचिवों के साथ विभागीय चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जनवरी 2026 के मध्याह्न भोजन की मासिक रिपोर्ट जमा करने और रसोइयों के मानदेय से संबंधित प्रमाण पत्रों को सही प्रपत्र में भरने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यालयों में हुए हेल्थ चेकअप की रिपोर्ट जमा करने और मध्याह्न भोजन के कैश बुक के बेहतर संधारण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बीआरपी परवेज अख्तर, गुलसवर सुल्तान, आशुतोष बास्की, सुनील भगत, निरंजन पंडित, शिवकुमार भगत, मृत्युंजय मरांडी, दिलीप तिवारी, उज्जवल पाल और कौशिक सिंह सहित कई शिक्षाकर्मी व शिक्षक मौजूद थे।

## कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**गोपीकांदर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गोपीकांदर में सिनी संस्था के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति सचेत करना और उन्हें इसके बचाव व लक्षणों की सटीक जानकारी देना था। कार्यक्रम का संचालन सिनी संस्था के सुपरवाइजर इरशाद अंसारी और सीएचसी गोपीकांदर के लैब टेक्नीशियन अबुल बशर अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को स्तन, सर्वाइकल, फेफड़ों और रक्त कैंसर जैसे गंभीर प्रकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कैंसर का पता यदि शुरुआती चरण में चल जाए, तो सही उपचार से जीवन बचाया जा सकता है। विशेष रूप से, किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अबुल बशर अंसारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षा कवच की तरह है। विद्यालय की वार्डन ज्ञान प्रभा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जानकारी छात्राओं के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। मौके पर शिक्षक मो0 महबूब आलम, सुलेखा परवीन और बालिका हेंब्रम सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## मुंबई की टीम ने फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के प्रगति की जांच की

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जामा (दुमका)।** फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के जमीनी असर और महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में हो रहे कार्यों का जायजा लेने के लिए बुधवार को मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज से आत्मन पदाले ने जामा ब्लॉक के बिजयबाध गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अभियान की प्रगति को बारीकी से देखा और लाभुकों से सीधा संवाद किया।

बिजयबाध गांव में आत्मन पदाले ने फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ी उन महिलाओं (दीदियों) से मुलाकात की, जिन्होंने हड़िया-शराब के निर्माण और बिक्री को छोड़कर सम्मानजनक आजीविका को अपनाया है। उन्होंने दीदियों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया और उनकी सफलता की सराहना की। इसके उपरांत उन्होंने चिकनिया संकुल संगठन का भ्रमण किया, जहां उन्होंने उपस्थित महिलाओं से बातचीत कर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। इस महत्वपूर्ण विजिट के दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मिनाती सिंह, जिला समन्वयक मनोज डान, ब्लॉक लीड निरंजन कुमार सिंह, आनंद हंसदा, बीएपी रूपा दत्ता, क्लस्टर समन्वयक खुशबू कुमारी और पीआरपी कुमारी शुभ्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही चिकनिया क्लस्टर के विभिन्न पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य भी मौजूद रहे।

## एसकेएमयू में पीजी सेम-2 की परीक्षाएं शुरू, कुलपति ने केंद्रों का लिया जायजा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में बुधवार से स्नातकोत्तर सेमेस्टर-2 की परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गईं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्धारित चार केंद्रों पर यह परीक्षा 4 से 13 फरवरी तक चलेगी। निष्पक्ष और कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए विषयों को दो समूहों ग्रुप %ए% और ग्रुप %बी% में बांटा गया है। पहले दिन ग्रुप %ए% के विषयों की पेपर-5 की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें हिंदी, भूगोल और समाजशास्त्र जैसे कई विषय शामिल थे। दिघी कैंपस केंद्र पर पहले दिन कुल 542 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि मात्र 7 छात्र अनुपस्थित पाए गए।

परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने स्वयं दिघी स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक डॉ. एस एन अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और छात्रों के लिए बिजली व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेन्द्र यादव भी मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा ने बताया कि सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और शुक्रवार को ग्रुप बी के विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## परीक्षा केंद्रों पर पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट का औचक निरीक्षण, मोबाइल मिलने पर वीक्षक पर गिरी गाज

**संवाददाता**

**रानीश्वर (दुमका)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार को क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमीरदाहा और +2 हाई स्कूल रघुनाथपुर में चल रही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमीरदाहा में एक बड़ी लापरवाही सामने आई। परीक्षा कक्ष संख्या-01 में ड्यूटी पर तैनात वीक्षक राजेश रंजन के पास मोबाइल फोन पाया गया। विभागीय नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट ने मोबाइल को तत्काल जब्त कर लिया और उसे अगले आदेश तक सुरक्षित रखने के लिए केन्द्राधीक्षक को सौंप दिया। इस मामले में संबंधित वीक्षक के विरुद्ध अग्रतर अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686